


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 169 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 10 जून, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# पीएम बनते ही किसानों को तोहफा!

## किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजा के अंतर्गत अब तक 16 किस्त जारी हो चुकी हैं और अब बारी 17वीं किस्त की है। वहीं, मोदी सरकार बनते ही पीएम नरेंद्र मोदी ने 17वीं किस्त जारी होने की फाइल पर साइन कर दिए हैं यानी अब जल्द ही योजना से जुड़े करोड़ों किसानों को किस्त का लाभ मिल पाएगा।

दरअसल, पीएम किसान योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनते ही पहले दिन पीएम किसान योजना की फाइल पर दस्तखत कर दिए हैं। पीएम मोदी ने 17वीं किस्त जारी करने की फाइल को पास कर दिया है ऐसे में अब लाभार्थियों को 17वीं किस्त मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

मोदी सरकार ने 17वीं किस्त जारी होने का रास्ता साफ कर दिया है। ऐसे में इस बार 9.3 करोड़ किसानों को 17वीं किस्त का लाभ मिलेगा। वहीं, इस बार किस्त के रूप में 20 हजार करोड़ रुपये जारी होंगे।

अगर आप पीएम किसान योजना से जुड़े हैं और चाहते हैं कि आपको किस्त का लाभ मिले, तो आपके लिए जरूरी है कि आप ई-केवाईसी करवा लें। अगर आप ये नहीं करवाते हैं, तो आपकी किस्त अटक सकती है। आप अपने नजदीकी सीएससी सेंटर जाकर या योजना के आधिकारिक पोर्टल pmkisan.gov.in से भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं।

योजना से जुड़े किसानों के लिए भू-सत्यापन भी करवाना अनिवार्य है। अगर आप ये काम नहीं करवाते हैं तो आप किस्त के लाभ से वंचित रह सकते हैं।



### किसानों से जुड़े और नए एलान संभव

मोदी सरकार आने वाले समय में किसानों से जुड़े कई बड़े एलान कर सकती है। पीएम ने आज कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालते ही सबसे पहली फाइल किसान कल्याण से संबंधित हो। हम आने वाले समय में किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करना चाहते हैं।

### लगातार तीसरी बार पीएम बने मोदी अब विभाग बंटवारे पर फोकस

बता दें कि मोदी ने रविवार को लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली और आज सुबह ही साउथ ब्लॉक स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाला। सरकार गठन के बाद अब मोदी विभागों के बंटवारे पर फोकस कर रहे होंगे। आज ही मोदी कैबिनेट की पहली बैठक होने की संभावना जताई जा रही है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

# खड़े डंपर में घुसी श्रद्धालुओं से भरी बस, चार मरे, कई लोग घायल

**गाजीपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े डंपर में बस घुसने से चार लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को भीषण हादसा हुआ। एक्सप्रेस-वे पर बरेसर थाना क्षेत्र के मुस्सेपुर गांव के पास खड़े डंपर में अयोध्या से आ रही बस घुस गई। हादसे में बस में सवार करीब 36 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनमें अब तक चार के मरने की आधिकारिक पुष्टि हुई है। घायलों को मऊ और गाजीपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इस बीच पुलिस टीम की मदद से वाहनों को हाईवे से हटाया गया। साथ ही सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बस में अलग-अलग इलाके के करीब 36 लोग सवार थे, जो अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि बस बिहार के विक्रमगंज जा रही थी। सुबह पांच बजे बरेसर थाना क्षेत्र के मुस्सेपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े) डंपर में पीछे से घुस गई। माना जा रहा है कि बस चालक को झपकी (शेष पृष्ठ-3 पर)



## तंत्र-मंत्र की आड़ में महिला के साथ छेड़छाड़

**नोएडा (चेतना मंच)।** तंत्र-मंत्र की आड़ में एक भगत ने महिला के साथ गंदी हरकत करने की कोशिश की। महिला अपने ससुराल वालों के कहने पर बेटे की चाह में कथित भगत के पास गई थी। तंत्र-मंत्र और पूजा पाठ की आड़ में भगत ने जब अपनी तमाम हदों को पार कर दिया तो महिला ने इसकी जानकारी अपने पति को दी। महिला की शिकायत पर थाना दादरी में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

दादरी के एक गांव की रहने वाली प्रिया (काल्पनिक नाम) ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसकी शादी 6 साल पहले हुई थी। शादी के बाद उसे दो बेटियां हुई। उसे तथा ससुराल वालों को एक बेटे की और इच्छा थी। इस दौरान रिश्तेदारों ने ग्राम हिम्मतपुर हापुड़ के रहने वाले लखन उर्फ भगत के बारे में बताया। रिश्तेदारों बताया कि यह भगत पूजा-पाठ की विधि से लोगों की बेटे पाने की इच्छा को पूरी कर देता है। इस पर उसके ससुराल वालों ने लखन उर्फ भगत से संपर्क किया। भगत ने उसके मायके व ससुराल में आकर पूजा-पाठ की कई विधि की और कहा कि उसे समय-समय पर पूजा-पाठ करने के लिए उससे बात करनी होगी। इस पर परिजनों ने उसका मोबाइल नंबर लखन भगत को दे दिया। फोन नंबर मिलने के बाद भगत अक्सर उसे कॉल कर अश्लील बातें करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि भगत आए दिन पूजा पाठ के नाम पर उसकी ससुराल पहुंच जाता था। परिजनों को कमरे से बाहर भेज कर अकेले पूजा पाठ की विधि बताने के नाम पर उससे गलत हरकत करता था। कथित भगत की हरकतें जब हद से ज्यादा बढ़ गई तो उसने इसकी जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद पति-पत्नी थाने पहुंचे और आरोपी भगत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# दो मंजिला मकान में लगी भीषण आग, एक दर्जन झुलसे

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ के पारा इलाके में मकान के बेसमेंट में चोरी छिपे तारपीन के तेल का गोदाम में भीषण आग लग गई। इससे करीब एक दर्जन लोग झुलस गए।

पारा इलाके में रविवार शाम दो मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। इससे मकान में मौजूद 10 लोगों सहित मदद के लिए पहुंचा एक पड़ोसी भी झुलस गया। सभी को रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से एक महिला व बच्ची को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। मकान के बेसमेंट में चोरी छिपे तारपीन के तेल का गोदाम बनाया गया था। इसी के चलते आग ने विकराल रूप धारण किया।



देवपुर संतोषी नगर कॉलोनी में कुत्ते व पक्षियों को खरीदने व बेचने का काम करने वाले प्रकाश सोनी परिवार के साथ दो मंजिला मकान में रहते हैं। रविवार शाम 7.30 बजे अचानक मकान के बेसमेंट में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे मकान को चपेट में ले लिया। आग की वजह से मकान की लाइट कट गई और पहली व दूसरी मंजिल पर मौजूद परिवार के 10 लोग अंधेरे व धुएं के चलते फंस गए।

मकान में लगी आग देख मोहल्ले के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। उन्होंने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे। इस पर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। कुछ ही देर में पारा पुलिस और आलमबाग फायर स्टेशन से दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। सबसे पहले कुत्तों और पक्षियों को सकुशल बाहर निकाला। इसके बाद आग बुझाते हुए पहली व दूसरी मंजिल पर पहुंचे तो परिवार के 10 लोग झुलसे मिले।

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। वहीं, पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज (शेष पृष्ठ-3 पर)

### ये लोग झुलसे

प्रकाश सोनी, पत्नी क्षमा सोनी, बहू रुचि (27), नातिन आध्या (10), दामाद शुभम वर्मा, बेटी जय वर्मा, जुड़वा बेटियां माही-मानसी, नाती अक्षम वर्मा, पोता अस्तित्व वर्मा व पड़ोसी अर्जुन भारती। गंभीर रूप से घायल रुचि और आध्या को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रुचि 60 प्रतिशत और आध्या को 45 प्रतिशत बर्न इंजरी आई है।

## चार जुआरी गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार जुआरियों को थाना बीटा-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से ताश की गड्डी व दांव पर लगी नगदी बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग सेक्टर पाई में खुले स्थान पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापा मारा। पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे लोगों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने मौके से बबलू, हैप्पी, श्याम सुंदर, सुरेंद्र को दबोच लिया। इनके पास से ताश की गड्डी व नगदी बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## जेईई एडवांस परीक्षा में भव्य व कनव टॉप-100 की सूची में


भव्य तिवारी


कनव चौधरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** जेईई एडवांस की परीक्षा में नोएडा के भव्य तिवारी तथा कनव चौधरी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दोनों ही छात्रों के नाम टॉप-100 की सूची में शामिल हैं। सेक्टर-78 एसोटेक सोसाइटी निवासी भव्य तिवारी ने अखिल भारतीय स्तर पर 19वीं रैंक हासिल की है। वहीं, कनव चौधरी ने 56वीं रैंक प्राप्त की है। इसके अलावा अर्जुन अविनाश शिंदे 398, तनिष अग्रवाल 411, आदित्य नंदन 575, अनुरोन दास 1395, पार्थ (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सुरक्षा गार्डों के साथ कर्नल व उसके बेटे ने की बदसलूकी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा-2 क्षेत्र के एनएसजी सोसायटी में रहने वाले एक कर्नल व उसके बेटे के खिलाफ गाली गलौज व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। सोसायटी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने आरोप लगाया है कि कर्नल व उसके बेटे ने सिक्योरिटी गार्ड्स के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

ग्राम सिद्ध नगला थाना जहांगीराबाद जनपद बुलंदशहर निवासी नरेश बाबू ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह स्पेशल एजेंट सिक्योरिटी में सुपरवाइजर है और वर्तमान में ग्रेटर नोएडा की एनएसजी सोसायटी में कार्यरत है। सोसाइटी में पूर्व में रात्रि के समय चोरी की कई घटनाएं हुई थी। इन घटनाओं के बाद चौकी इंचार्ज ने उसे तथा गार्डों को निर्देश दिया था कि 10 बजे के बाद जो भी गाड़ी बाहर से सोसाइटी में आए उसकी विधिवत चेकिंग करने के बाद ही प्रवेश दिया जाए। बीते 8 जून की रात्रि को वह अपने साथी गार्ड राजेंद्र तिवारी, रामकुमार, प्रदीप कुमार व दिनेश कुमार के साथ एनएसजी सोसायटी के गेट नंबर एक पर मौजूद था। इस दौरान एक डिलीवरी बॉय खाना लेकर आया। गार्डो ने उससे पूछताछ कर उसका आईडी कार्ड मांगा। इस दौरान सोसायटी के बी ब्लॉक में रहने वाले करनाल मेहरा अपने बेटे के साथ गेट पर आए और डिलीवरी बॉय को जांच के लिए रोकने पर भड़क उठे। उन्होंने गार्ड्स के साथ गाली गलौज करते हुए जान (शेष पृष्ठ-3 पर)

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता, अपहरण का आरोप

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दनकौर क्षेत्र के ग्राम चीती में रहने वाले एक व्यक्ति का (17 वर्षीय) बेटा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। किशोर घर से सुबह दौड़ लगाने गया था इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में ग्राम सलामतपुर उर्फ नेता नगर थाना अनूपशहर जनपद बुलंदशहर निवासी अवधेश कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ पिछले डेढ़ साल से चीती गांव में रह रहा है। वह यहां चारपाई बनाने का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। उसका 17 वर्षीय बेटा पुनीत कुमार रोजाना घर से सुबह दौड़ लगाने के लिए जाता था। 7 जून की सुबह वह घर से दौड़ लगाने के लिए गया था इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पिता की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस किशोर की तलाश कर रही है और आसपास के थाना क्षेत्र को भी किशोर के लापता होने की सूचना दे दी है।

# संतुलित, समावेशी व सराहनीय है मोदी 3.0 का मंत्रिमंडल

**नोएडा (चेतना मंच)।** लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेन्द्र मोदी का मंत्रिमंडल एक संतुलित तथा समावेशी मंत्रिमंडल है। भाजपा के कई नेताओं ने मोदी 3.0 के मंत्रिमंडल की सराहना की है।

भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता का कहना है कि 18वीं लोकसभा का मंत्रिमंडल हर दृष्टि से श्रेष्ठ मंत्रिमंडल है। इसमें हर राज्य, हर बिरादरी को अनुपातिक तरीके से जो हिस्सेदारी दी गयी है वह सराहनीय है। निश्चित ही यह मंत्रिमंडल एक आदर्श, संतुलित व समावेशी मंत्रिमंडल है। उत्तर प्रदेश से प्रधानमंत्री समेत 11 मंत्री बनाये गये हैं। जिसमें 2 ठाकुर, एक ब्राहमण, 1 अल्पसंख्यक तथा ओबीसी तथा अन्य वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया हैं।


मनोज गुप्ता


नबाब सिंह नागर


कैप्टन विकास गुप्ता


जर्नादन भाटी

वरिष्ठ भाजपा नेता तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर का कहना है कि इस मंत्रिमंडल में महिला, ओबीसी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक व सवर्णों को अनुपातिक ढंग से बेहतर समावेश किया गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा का शीर्ष संगठन बधाई का पात्र है।

उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन तथा दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता का कहना है कि प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल की माला में हर राज्यों, गठबंधन दलों तथा जातिगत समीकरणों का समावेश बहुत खूबसूरत तरीके से किया है। जहां 6 महिलाओं को प्रमुख स्थान मिला है। वहीं 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक वर्गों के मंत्री बनाये गये हैं। वहीं सवर्णों को भी समुचित स्थान दिया गया है।

राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष जर्नादन भाटी का कहना है कि एनडीए सरकार द्वारा कल घोषित मंत्रिमंडल में गठबंधन धर्म का पूरी तरह पालन किया गया है। जिसमें हर राज्य को उसके परिणामों तथा वरीयता की दृष्टि से हिस्सेदारी दी गयी है। 72 सदस्यीय मंत्रिमंडल में हर वर्ग का पूरा ध्यान रखा गया है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।

# 'भाजपा को छोड़िये, कांग्रेस से जुड़िए'

## कंग्रेस की धन्यवाद यात्रा 11-15 तक तीनों विधानसभा क्षेत्रों में




**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा को छोड़िये, कांग्रेस से जुड़िये। इसी थीम को आधार बनाकर कांग्रेस पार्टी जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 11-15 जून तक धन्यवाद यात्रा निकालेगी।

कांग्रेस के नोएडा महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उप्र में जहां 6 सीटें जीती हैं। वहीं देश भर में 99 सीटों पर फतह हासिल की है। अब आम जनता का विश्वास फिर कांग्रेस में बढ़ा है। उसे पता है कि कांग्रेस ही बेहतर सुशासन दे सकता है। उन्होंने बताया कि नोएडा विधानसभा में 11 जून को जगह-जगह कार्यकर्ता लोगों से मिलेंगे तथा अपार (शेष पृष्ठ-3 पर)

# भाजपा से क्यों रूठे राम?

अयोध्या के राम मंदिर ने भाजपा की चुनावी मदद क्यों नहीं की? राम मंदिर आम चुनाव, 2024 का प्रमुख मुद्दा क्यों नहीं बन पाया? क्या प्रभु राम भाजपा से रूठ गए हैं? श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह 22 जनवरी, 2024 को इस मकसद से तय किया गया था कि राम मंदिर चुनावों तक एक प्रमुख मुद्दा बना रहेगा और उसके मद्देनजर ध्रुवीकरण होगा। भाजपा को चुनावी लाभ होगा। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन सतही तौर पर किसी ने भी किया हो, लेकिन उसके सूत्रधार, प्रथम यजमान प्रधानमंत्री मोदी ही थे। फोकस उन्हीं पर था। एक रामभक्त की तरह, पैदल चलते हुए और आरती की थाली लेकर, प्रधानमंत्री ही राम-प्रतिमा तक गए थे। पूजा-पाठ की तमाम विधियां निभाई थीं। उस आयोजन के बाद बूथ स्तर के काडर को निर्देश दिए गए थे कि भक्तों को अयोध्या तक लाया जाए, ताकि वे सहजता से प्रभु राम के दर्शन कर सकें। अयोध्या के पुनरोत्थान, विकास और विस्तार पर भाजपा की डबल इंजन सरकारों ने 70,000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर दिया था। अयोध्या का चेहरा ही बदल दिया, लेकिन अयोध्या के मतदाताओं ने भाजपा उम्मीदवार लल्लू सिंह को ही 54,000 से अधिक मतों से हरा दिया। लल्लू सिंह को 2014 और 2019 में लगातार दो बार अयोध्या (फैजाबाद) का सांसद चुना गया था। यही नहीं, 26 केंद्रीय मंत्री भी चुनाव हार गए। उनमें स्मृति ईरानी, महेंद्र पांडेय, कौशल किशोर, साध्वी निरंजन ज्योति, अजय मिश्रा, भानुप्रताप वर्मा आदि केंद्रीय मंत्री उप्र से ही सांसद चुनकर आए थे। इस बार अयोध्या के इर्द-गिर्द 4-5 अन्य संसदीय क्षेत्रों में भी भाजपा को पराजित किया गया। भाजपा का वोट प्रतिशत 50 फीसदी से घटकर 41 फीसदी हो गया और वह 29 सीट नीचे फिसल गई, जबकि सपा का वोट प्रतिशत 18.11 फीसदी से उछल कर 33.5 फीसदी हो गया। सपा की इस चुनाव में ही 32 सीटें बढ़ गईं। कांग्रेस के हिस्से भी 6 सांसद आ गए, जिसके मात्र 2 विधायक हैं। प्रभु राम भाजपा से एकदम क्यों रूठ गए? विशेषज्ञ मान रहे थे कि भाजपा 80 में से 70 से अधिक सीटें तो जीत सकती है। उप्र के कारण ही भाजपा लोकसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल करने में नाकाम रही। सवाल है कि क्या संविधान बदलने, लोकतंत्र खत्म करने, आरक्षण की व्यवस्था समाप्त करने सरीखे भ्रामक मुद्दे इतने प्रभावशाली साबित हुए कि रामभक्तों ने भी भाजपा को खारिज कर दिया और उस पार्टी को वोट दिए, जिसके मुख्यमंत्री ने रामभक्तों, कारसेवकों पर गोलियों की बौछार करवा उनकी हत्याएं कराई थीं। अयोध्या (फैजाबाद) के पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भी बयान दिया था कि भाजपा को 400 सीटें इसलिए चाहिए, ताकि संविधान में अपेक्षित बदलाव किए जा सकें। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने इसकी गलत व्याख्या की कि भाजपा संविधान को ही बदलना चाहती है। संविधान बदल जाएगा, तो आरक्षण की व्यवस्था भी समाप्त हो जाएगी। इसका जबरदस्त असर दलितों, आदिवासियों, ओबीसी पर पड़ा और उन्होंने रामभक्त होते हुए भी भाजपा के खिलाफ लामबंद होकर मतदान किया। मतों का ध्रुवीकरण ऐसा हुआ कि प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी सीट से 1.52 लाख से कुछ ज्यादा मतों से ही जीते। 2019 में वह चार लाख से अधिक मतों से जीते थे। प्रधानमंत्री मोदी पूरे चुनाव के दौरान जनता को आश्वस्त करते रहे कि अब बाबा अंबेडकर भी संविधान को बदल नहीं सकते। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और आगे भी रहेगा, लेकिन आरक्षित जमात में विपक्ष के आरोपों का खूब असर हुआ। अयोध्या के कुछ स्थानीय मुद्दे भी रहे होंगे, अधिग्रहण की गई जमीनों के पर्याप्त मुआवजे नहीं दिए गए होंगे, नतीजतन प्रतिक्रिया भाजपा के खिलाफ गई और चुनाव-परिणाम सामने हैं। फिर भी अकेली भाजपा ने लोकसभा की 240 सीटें जीती हैं, जो अभूतपूर्व जनादेश है। 1985 में देश ने 404 सीटों का जो जनादेश कांग्रेस के पक्ष में दिया था, उसके बाद 232 से अधिक कोई भी पार्टी जीत नहीं पाई है। अयोध्या भाजपा के लिए सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक भूमि है, बेशक पार्टी इसे 'आस्था' मानती रहे। अयोध्या पर भाजपा चिंतन जरूर करेगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे भाई! जगत में तालाबों और नदियों के समान मनुष्य ही अधिक हैं, जो जल पाकर अपनी ही बाढ़ से बढ़ते हैं (अर्थात अपनी ही उन्नति से प्रसन्न होते हैं)। समुद्र सा तो कोई एक बिरला ही सज्जन होता है, जो चन्द्रमा को पूर्ण देखकर (दूसरों का उत्कर्ष देखकर) उमड़ पड़ता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-भाग छोट अभिलाषु बड़ करउँ एक बिस्वास।**
**पैहहिं सुख सुनि सुजन सब खल करिहहिं उपहास॥**

मेरा भाग्य छोटा है और इच्छा बहुत बड़ी है, परन्तु मुझे एक विश्वास है कि इसे सुनकर सज्जन सभी सुख पावेंगे और दुष्ट हँसी उड़ावेंगे॥

**खल परिहास होइ हित मोरा। काक कहहिं कलकंठ कठोरा॥**
**हंसहि बक दादुर चातकही। हँसहिं मलिन खल बिमल बतकही॥**

किन्तु दुष्टों के हँसने से मेरा हित ही होगा। मधुर कण्ठ वाली कोयल को कौए तो कठोर ही कहा करते हैं। जैसे बगुले हंस को और मेंढक पपीहे को हँसते हैं, वैसे ही मलिन मन वाले दुष्ट निर्मल वाणी को हँसते हैं॥


**कबित रसिक न राम पद नेहू। तिन्ह कहँ सुखद हास रस एहू॥**
**भाषा भनिति भोरि मति मोरी। हँसिबे जो हँसें नहिं खोरी॥**

जो न तो कविता के रसिक हैं और न जिनका श्री रामचन्द्रजी के चरणों में प्रेम है, उनके लिए भी यह कविता सुखद हास्यरस का काम देगी। प्रथम तो यह भाषा की रचना है, दूसरे मेरी बुद्धि भोली है, इससे यह हँसने के योग्य ही है, हँसने में उन्हें कोई दोष नहीं॥

(क्रमशः..)

# 'मोदी मैजिक' के दम पर ही बन रही है तीसरी बार 'एनडीए सरकार'

भारत में लोकतंत्र के महापर्व के अंतिम परिणाम फिर एक बार फिर देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार के रूप में आ गये हैं। हालांकि नरेंद्र मोदी के मैजिक के बावजूद हिन्दू वोटरों के जात-पात में बंट जाने के चलते देश में गठबंधन युग वापस आ गया है, जो कि देश में मजबूत सरकार व ताकतवर लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है। हालांकि देश में इंडिया गठबंधन को आशा से अधिक सफलता मिली है, लेकिन वह लाख प्रयासों के बावजूद भी देश की जनता के मन में रच बसे 'मोदी मैजिक' का पूरी तरह से तोड़ अभी तक भी नहीं ढूंढ पाया है। आज भी मोदी की गारंटी में देश के बहुत बड़े आम जनमानस का विश्वास बना हुआ है।



लोकसभा के चुनाव परिणामों का विश्लेषण करें तो देश में 10 साल से चली आ रही नरेंद्र मोदी की सरकार के विरोध में सत्ता विरोधी माहौल होने के बावजूद भी नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा व एनडीए गठबंधन के लिए सम्मानजनक बहुमत का बंदोबस्त कर ही दिया है। भाजपा के द्वारा लगभग एक तिहाई अपने मौजूदा सांसदों के टिकट काटने के बावजूद भी 'मोदी मैजिक' के दम पर तीसरी बार एनडीए की सरकार बना कर के इतिहास रचने का कार्य नरेंद्र मोदी ने किया है। ऐसा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया गठबंधन के बहुत सारे नेताओं के प्रधानमंत्री बनने के सपने को परवान नहीं चढ़ने दिया। इस बार लोकसभा चुनावों में भाजपा ने अकेले दम पर 240 सीटों जीत कर के और एनडीए गठबंधन ने 293 सीट जीत कर के तीसरी बार सरकार बनाते हुए इतिहास रच दिया है।

चुनाव परिणाम आने के बाद से ही देश व दुनिया के राजनीतिक विश्लेषक वर्ष 2024 के जनता के इस फैसले के निहितार्थ क्या हैं? यह आंकलन करने में लगे हैं।

मेरा मानना है कि जनवरी 2024 में उत्तर प्रदेश की पावन व दिव्य नगरी अयोध्या धाम में रामजन्म भूमि की ऐतिहासिक धरा पर हम सभी सनातन धर्मियों के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के दिव्य, भव्य व अलौकिक ऐतिहासिक मंदिर में प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप की अद्भुत प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में देश में जबरदस्त माहौल बन गया था। जिसके चलते उम्मीद थी कि देश को फिर से एक बार एक दल की पूर्ण बहुमत वाली केंद्र सरकार का तोहफा मिलेगा, उस माहौल के चलते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया था। लेकिन हिन्दू मतदाताओं के इस बार जातियों में बंट जाने के चलते नरेंद्र मोदी का यह सपना पूरा नहीं हो पाया। हालांकि भाजपा के अधिकतर प्रत्याशी भी केवल नरेंद्र मोदी के मैजिक के भरोसे ही बैठे रहे थे, उन्होंने जनता से ढंग से वोट तक नहीं मांगी जिसके चलते मोदी का अबकी बार 400 पार का सपना पूरा नहीं हो पाया।

*लोकसभा के चुनाव परिणामों का विश्लेषण करें तो देश में 10 साल से चली आ रही नरेंद्र मोदी की सरकार के विरोध में सत्ता विरोधी माहौल होने के बावजूद भी नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा व एनडीए गठबंधन के लिए सम्मानजनक बहुमत का बंदोबस्त कर ही दिया है।*

हालांकि 4 जून चुनाव परिणाम के शुरुआती रुझानों में भी यह लगने लगा था कि इंडिया गठबंधन आसानी से भाजपा की सरकार नहीं बनने देगा, उसके नेता दावा कर रहे थे कि इंडिया गठबंधन अपनी सरकार बना लेगा। लेकिन धीरे-धीरे जैसे वोटों की गिनती आगे बढ़ने लगी 'मोदी मैजिक' ने अपना कमाल दिखा ही दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने के लिए जनता ने स्पष्ट बहुमत दे दिया। लेकिन 39.56 प्रतिशत मत यानी की पूरे देश में 23 करोड़ 59 लाख 73 हजार 9 सौ 35 मत हासिल करने के बाद भी भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल करने से चूक गयी। हालांकि वर्ष 2019 में भी भाजपा को 37.7 प्रतिशत मत मिले थे, लेकिन इस बार मात्र 1.14 प्रतिशत कम मत हासिल करने पर ही भाजपा की झोली से 63 सीटें निकल गयी, जो भाजपा के लिए एक बड़ा झटका है।

वैसे देश की जनता के एक बहुत बड़े वर्ग ने नरेंद्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व से प्रभावित होकर के भाजपा व एनडीए गठबंधन को वोट देने का कार्य किया है, उन्होंने मोदी के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत देकर के इंडिया गठबंधन के नेताओं व उनकी नीतियों के खिलाफ़ वोट देना का कार्य किया है। आम जनमानस के बड़े वर्ग ने भारत में एक मजबूत नेतृत्व वाली, देश के सर्वांगीण विकास के लिए पुन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूर्ण विश्वास जताने का कार्य किया है। लोगों को आशा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तेजी के साथ पिछले 10 वर्षों से देश में आधारभूत ढांचे के निर्माण करने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, वह वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के नतीजे एनडीए गठबंधन के पक्ष में आने के बाद से निर्बाध रूप से चलता रहेगा, उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्ववर्ती गठबंधन वाली सरकारों की तरह किसी भी तरह से गठबंधन के दवाब में आ करके काम नहीं करेंगे, जो स्थिति विकासशील भारत के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। हालांकि इस बार के चुनावों के परिणामों आने के बाद अब भी नरेंद्र मोदी दुनिया की लोकप्रिय शख्सियतों की सूची में शुमार हैं, जो एक नये भारत के निर्माण के लिए अच्छा संकेत है।

**– दीपक कुमार त्यागी**

# निजी बदलावों से ही बदलेगा समाज

सब जानते हैं कि समाज को बदलने की शुरुआत निजी जीवन के बदलावों से होती है, लेकिन आम तौर पर इस जानी-पहचानी अवधारणा को हम अनदेखा करते रहते हैं। जाहिर है, इसे बार-बार याद दिलाते रहने की जरूरत है। इस बार इस लेख में इसी विषय को खंगालने की कोशिश करेंगे। समाज-सुधार की चर्चा तो कई स्तरों पर होती है, पर व्यक्तिगत जीवन में सुधार की चर्चा कम हो गई है। अब चर्चा व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं की अधिक है। व्यक्तिगत सुधार या व्यक्ति के आदर्शों की नहीं, पर समाज तो बहुत से व्यक्तियों से मिलकर ही बनता है और व्यक्तिगत जीवन में सुधार व आदर्श के महत्त्व के बिना समाज सुधार भी आगे बढ़ सकेगा, इसकी संभावना कम है। सवाल यह है कि आदर्श समाज की सोच के अनुरूप व्यक्तिगत जीवन जीना है तो उसकी अनिवार्य शर्तें क्या हैं। संभवत- सबसे बुनियादी बात यह है कि हमारा जीवन सादगी और समता पर आधारित होना चाहिए। आधुनिक जीवन में यह धारणा बहुत मान्यता प्राप्त कर चुकी है कि जितनी अधिक उपभोक्ता वस्तुएं प्राप्त कर सको, जीवन उतना ही बेहतर होगा, जितना वैभवकारी घर बना सको, उतना ही जीवन सार्थक होगा। दूसरी ओर सादगी की अवधारणा बताती है कि हम अपने व अपने परिवार के सदस्यों को कोई शारीरिक कष्ट दिए बिना अपनी जरूरतों को जितना कम रख सकें, जीवन की सार्थकता उतनी ही बढ़ती है। चूंकि एक व्यक्ति और दूसरे व्यक्ति, एक परिवार और दूसरे परिवार की परिस्थितियों में बहुत अंतर हो सकता है, अत- सादगी का आदर्श सामने रखने के लिए उपभोक्ता वस्तुओं की कोई सूची नहीं बनाई जा सकती। बुनियादी बात हमारे सोच की है, जीवन मूल्यों की है। एक बार हमने इस सोच को ऐसा बना लिया कि सार्थकता उपभोक्ता वस्तुओं को बढ़ाने में नहीं, यथासंभव कम करने में है, तो हम सादगी के रास्ते पर आ चुके हैं।

व्यक्तिगत जीवन में समता का अर्थ यह है कि जितनी भी संपत्ति या आय हमारे पास हो, अपनी जरूरतों और जरूरी बचत को पूरा करने के बाद वह गरीबी कम करने के लिए या किसी इतने ही जरूरी सार्वजनिक हित के कार्य में खर्च होनी चाहिए। समता का एक अर्थ यह भी है कि अपने से कमजोर आर्थिक हैसियत वाले जितने भी लोग हमारे दैनिक जीवन में सम्पर्क में आएं, उनसे हम न्यायसंगत व्यवहार करें। चाहे वे हमारे नियमित कर्मचारी हों या घरेलू कार्य में सहयोग करने वाले, रिक्शा चालक या कुली, उनके प्रति हमारा व्यवहार यही होना चाहिए कि उनसे जितना सहयोग हम अपनी सीमाओं के बीच कर सकते हैं, उतना अवश्य करें। ईमानदारी एक अन्य बहुत महत्वपूर्ण गुण है जिसकी चर्चा प्राय- होती है, पर ईमानदारी अपने आप में पर्याप्त नहीं है। ईमानदारी के साथ समता और सादगी के आदर्शों को भी जीवन में अपनाना जरूरी है। समता और सादगी के आदर्श आपस में बहुत नजदीकी तौर पर जुड़े हुए हैं। इन दोनों आदर्शों को अपनाने से जीवन में बहुत-सी विकृतियां अपने आप ही दूर हो जाती हैं, कई बेकार की बातों से समय बच जाता है और तरह-तरह के रचनात्मक और सार्थक कार्यों के लिए समय उपलब्ध होने लगता है। जो उपभोक्ता वस्तुएं समाज और पर्यावरण के स्तर पर हानिकारक सिद्ध हो चुकी हैं, उनसे दूर रहना आवश्यक है। तंबाकू, शराब, अन्य तरह के नशीले पदार्थ, दुर्व्यसन व ऐय्याशी की सामग्री का किसी भी आदर्श जीवन में स्थान नहीं होना चाहिए और कम से कम अपनी कमजोरी को छोडऩे की इच्छा जरूर होनी चाहिए। यह भी उतना ही स्पष्ट है कि आदर्श व्यक्तिगत जीवन में किसी भी धर्म, जाति, समुदाय, लिंग के प्रति भेदभाव या नफरत की जगह नहीं हो सकती। व्यक्तिगत जीवन इन सभी तरह के भेदभावों और उनसे उत्पन्न कुंठाओं और विकृतियों से मुक्त होना चाहिए। आदर्श जीवन के लिए किन गुणों की आवश्यकता है, इसकी तो बहुत लंबी सूची तैयार की जा सकती है, पर यदि हम एक मूल बात को पकडऩा चाहते हैं तो वह यह है कि हम दूसरों को दुःख-दर्द न दें, अपितु जहां तक संभव हो, जितना अवसर हमें मिल सके, हम दूसरों का दुःख-दर्द कम करने का ही प्रयास करें।

ईमानदारी से अपनी आजीविका तो हमें कमानी ही है, अपनी व अपने परिवार की बुनियादी जरूरतें भी पूरी करनी हैं, यह जिम्मेदारी निभाते हुए जितना हमसे बन सके, हम दूसरों का दुःख-दर्द कम कर सकते हैं, तो वह प्रयास हम जरूर करें, उससे पीछे न हटें। अपने नजदीकी संबंधों में प्रयास और सद्भावना होने के बावजूद प्राय- हम रिश्तों में हावी होने, अपनी हस्ती स्थापित करने का प्रयास करते हैं। इस कारण नाहक बहुत दुःख-दर्द उत्पन्न होता है। नजदीकी मानवीय संबंधों को एक-दूसरे पर हावी होने के स्थान पर 'हमारी भी जय हो, तुम्हारी भी जय हो' के सिद्धांत पर जीना चाहिए। जो हमारी कुंठाएं हैं, दूसरों के प्रति संकीर्ण सोच है, उससे मुक्त होने का प्रयास कर, अपने आसपास एक खुला, मुक्त माहौल बनाना चाहिए।

दूसरों का दुःख-दर्द कम करने, उन पर हावी न होने, सह अस्तित्व और सहयोग के सिद्धांत केवल नजदीकी लोगों से हमारे संबंधों पर लागू नहीं होते, यह प्रकृति से, प्रकृति के विभिन्न रूपों से, विभिन्न जीव-जन्तुओं से भी हमारे संबंधों पर लागू होते हैं। प्रकृति की हरियाली को बढ़ाएं, मूक प्राणियों के दुःख-दर्द को कम करें, यह भी जीवन का एक बहुत सार्थक पक्ष है। आदर्श जीवन कुछ बहुत ख्याति प्राप्त या ऊंचे पदों पर पहुंचे लोगों की बपौती नहीं है। एक व्यक्ति, एक परिवार का सार्थक बदलाव भी दुनिया को बेहतर बनाने के प्रयासों में उसकी महत्वपूर्ण देन है। निराशा के कारण हैं तो आशा की संभावनाएं भी हैं। निराशा के बादलों से निकल कर आशा के प्रकाश को फैलाना होगा और छोटे से छोटे, कमजोर से कमजोर व्यक्ति की इस प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। समाज सुधार का रास्ता सरल नहीं है और कह नहीं सकते कि विभिन्न समस्याओं के कारण किसी व्यक्ति या संगठन को इसमें कितनी सफलता मिलेगी। फिलहाल इतना हमारे नियंत्रण में जरूर है कि बिना कोई देर किए हम अपने निजी जीवन को आदर्श जीवन के नजदीक ले आएं या इस दिशा में सतत प्रयास करते रहें।

**-भारत डोगरा**
**स्वतंत्र लेखक**

*जो हमारी कुंठाएं हैं, दूसरों के प्रति संकीर्ण सोच है, उससे मुक्त होने का प्रयास कर, अपने आसपास एक खुला, मुक्त माहौल बनाना चाहिए। दूसरों का दुःख-दर्द कम करने, उन पर हावी न होने, सह अस्तित्व और सहयोग के सिद्धांत केवल नजदीकी लोगों से हमारे संबंधों पर लागू नहीं होते, यह प्रकृति से, प्रकृति के विभिन्न रूपों से, विभिन्न जीव-जंतुओं से भी हमारे संबंधों पर लागू होते हैं। प्रकृति की हरियाली को बढ़ाएं, मूक प्राणियों के दुख-दर्द को कम करें, यह भी जीवन का एक बहुत सार्थक पक्ष है। आदर्श जीवन कुछ बहुत ख्याति प्राप्त या ऊंचे पदों पर पहुंचे लोगों की बपौती नहीं है। एक व्यक्ति, एक परिवार का सार्थक बदलाव भी दुनिया को बेहतर बनाने के प्रयासों में उसकी महत्वपूर्ण देन है। निराशा के कारण हैं तो आशा की संभावनाएं भी हैं। निराशा के बादलों से निकल कर आशा के प्रकाश को फैलाना होगा और छोटे से छोटे, कमजोर से कमजोर व्यक्ति की इस प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। फिलहाल इतना हमारे नियंत्रण में जरूर है कि बिना कोई देर किए हम आदर्श जीवन जीएं।*

# राशिफल

**ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष : चतुर्थी**

**(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आरोग्यता बना रहेगी। प्रेम-संतान का साथ होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत शुभ समय रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
धन खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। सिर दर्द,नेत्र पीड़ा और पार्टनरशिप में थोड़ा प्रॉब्लम दिख रही है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आय के नए मार्ग प्रशस्त होंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चिंताकारी श्रृष्टि का सृजन होगा। मन थोड़ा व्यथित रहेगा। यद्यपि की स्वास्थ्य ठीक है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के नए स्त्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कानूनी दाव-पेंच में आपकी जीत होगी। सरकारी तंत्र का लाभ होगा। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। प्रेम-संतान और व्यापार साथ देगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान करेगा। अभी महत्वपूर्ण निर्णय रोककर रखें।

# मोदी मंत्रिमंडल में यूपी से 10 मंत्री योगी के विरोधियों को तरजीह!

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में भाजपा की बड़ी पराजय के बाद भी मोदी पार्ट-3 में यूपी को दस मंत्री मिले हैं। राजनाथ सिंह (सदस्य लोकसभा लखनऊ), हरदीप सिंह पुरी(उत्तर प्रदेश से राज्यसभा), जयंत चौधरी (अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल व सदस्य राज्यसभा), अनुप्रिया पटेल (अध्यक्ष अपना दल-एस व सदस्य लोकसभा मिर्जापुर), जतिन प्रसाद(सदस्य लोकसभा-पीलीभीत), एसपी सिंह बघेल (सदस्य लोकसभा आगरा), पंकज चौधरी (सदस्य लोकसभा-महराजगंज), बीएल वर्मा (सदस्य राज्यसभा), कमलेश पासवान (सदस्य लोकसभा बांसगांव-गोरखपुर), कीर्तिवर्धन सिंह (सदस्य लोकसभा गोंडा)

बता दें कि दो लोकसभा सीट जीतने के बाद सहयोगी दल से रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी और एक मात्र सीट जीतने वाली अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। भारत-नेपाल सीमावर्ती जिलों और मंडलों को विशेष तवज्जों दिया गया है। बरेली मंडल की पीलीभीत सीट भारत-नेपाल सीमा से सटी है। वहां से निर्वाचित सांसद जतिन प्रसाद, भारत -नेपाल सीमा से सटे देवीप्रसाद मंडल की गोंडा सीट से जीते कीर्तिवर्धन सिंह, गोरखपुर मंडल भी भारत-नेपाल सीमा से सटा है। गोरखपुर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं आते हैं। अब गोरखपुर मंडल की नेपाल सीमा से सटे अति संवेदनशील जनपद महाराजगंज से पंकज चौधरी व गोरखपुर जिले की बांसगांव सुरक्षित सीट से जीते कमलेश पासवान को राज्यमंत्री बनाया गया है।

बता दें कि प्रचलित कहावत 'रस्सी जल गयी लेकिन ऐंठन नहीं गयी यहां लागू होता दिख रहा है'। गृहमंत्री अमितशाह मोदी पार्ट-2 के कार्यकाल में गोरखपुर गये वह गोरखनाथ मंदिर न जाकर पंकज चौधरी के घर गये थे। जबकि कमलेश पासवान के पिता ओम प्रकाश पासवान की हत्या के बाद पासवान परिवार की तल्खी गोरखनाथ मंदिर से बढ़ी थी। पासवान और चौधरी को मोदी मंत्रिमंडल में लेकर केंद्र ने योगी आदित्यनाथ को उनके गृह नगर गोरखपुर मंडल में घेरने की कोशिश किया है। शपथ ग्रहण देखने के बाद यह आम चर्चा बनी हुई है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिढ़ाने के लिये अकेले गोरखपुर मंडल से दो राज्यमंत्री बने हैं। पंकज चौधरी और कमलेश पासवान दोनों गोरखपुर मंडल से हैं। दोनों के रिश्ते योगी आदित्यनाथ से बहुत अच्छे नहीं बताये जाते हैं।

# डॉ राकेश आर्य बने जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष

**ग्रेटर नोएडा।** आर्य उप प्रतिनिधि सभा की एक विशेष बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी, इतिहासकार और लेखक डॉ राकेश कुमार आर्य को सर्वसम्मति से जिला आर्य प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष चुना गया। इससे पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह आर्य ने अपनी कार्यकारिणी का त्यागपत्र चुनाव समिति को सौंप दिया। जिसकी स्वीकृति के पश्चात नए अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी और आर्य समाज के भीष्म पितामह सरपंच रामेश्वर सिंह द्वारा की गई।

डॉ राकेश कुमार आर्य के नाम का प्रस्ताव विजेंद्र सिंह आर्य द्वारा रखा गया। जिसका समर्थन निवर्तमान अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, पूर्व अध्यक्ष आर्य वीरेश भाटी और देव मुनि द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त शिव कुमार आर्य को महामंत्री, धर्मवीर सिंह आर्य को उपमंत्री आर्य दिवाकर नागर को कोषाध्यक्ष, आर्य सागर खारी को सह कोषाध्यक्ष, दिनेश आर्य को ऑडिटर नियुक्त किया गया । जबकि प्रताप सिंह आर्य, महावीर सिंह आर्य , डॉ आनंद आर्य, मुकेश नागर एडवोकेट, व प्रिंसिपल नरपत सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया।



डॉ राकेश कुमार आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि आर्य समाज का वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों में बहुत अधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि आर्य, आर्यभाषा और आर्यावर्त हिंदी, हिंदू, हिंदुस्तान के ही समानार्थक शब्द हैं। आज हमें इन शब्दों के समीकरण को लोगों को बीच प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। जिससे हम आर्य संस्कृति की रक्षा करते हुए भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं । उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद का सपना भारत को विश्व गुरु बनाने का था। यह कार्य तभी संपन्न हो सकता है जब हम वैदिक संस्कृति के प्रति अनुरागी युवा संगठन को खड़ा करें। हमें स्वामी दयानंद जी महाराज की 200 वीं जयंती के अवसर पर जनपद में 200 आर्य समाजों को खड़ा करना है।

श्री आर्य ने कहा कि वह सभी के साथ सामंजस्य बनाकर चलने का प्रयास करेंगे और जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसे पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह आर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश को राजार्य सभा को एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता है। जिसके लिए हमें राष्ट्रवादी लोगों को आगे लाना होगा।

उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि उनके उत्तराधिकारी के रूप में डॉ आर्य एक राष्ट्रवादी विचारक के रूप में अपने पद की गरिमा को बढ़ाने का काम करेंगे। श्री आर्य को सभा की अध्यक्षता कर रहे सरपंच रामेश्वर सिंह, आर्य समाज की रीढ़ देव मुनि जी, बलबीर सिंह आर्य ,सुखबीर सिंह आर्य व उनके बड़े भ्राता श्री देवेंद्र सिंह आर्य आदि ने शुभकामनाएं प्रदान की। इसअवसर पर श्री मूलचंद शर्मा, पंडित धर्मवीर आर्य, दिनेश आर्य , लालाराम आर्य, कमल आर्य, जीतराम आर्य,बाबूराम आर्य, जयप्रकाश आर्य, सत्येंद्र आर्य, ओमप्रकाश आर्य, ब्रह्म सिंह आर्य, सतीश कुमार शास्त्री, आर्य गौतम नागर, सुरेंद्र सौरभ, भगत सिंह आर्य, रामजस आर्य अभी आर्य जन उपस्थित थे।

# आईआईआईटी दिल्ली के 677 छात्रों को मिली नौकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली (आईआईआईटी) ने 2024 के प्लेसमेंट सीजन का सफलतापूर्वक समापन किया है। आईआईआईटी दिल्ली ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता और इंडस्ट्री में अच्छे कनेक्शन की बदौलत छात्रों का सफल प्लेसमेंट करवाया।

2024 के प्लेसमेंट आंकड़ों के मुताबिक, इस साल की प्लेसमेंट ड्राइव में 113 कंपनियां शामिल हुई, जिनमें टॉप टियर रिक्रूटर, मिड सेगमेंट फर्म और कुछ स्टार्टअप भी शामिल थे। आईआईआईटी-दिल्ली प्लेसमेंट सीजन 2024 में कुल 113 कंपनियों ने भाग लिया है। इसमें कुल प्लेसमेंट प्रतिशत 85.98 फीसदी रहा है। इसमें बीटेक में 84 फीसदी, एमटेक में 89 फीसदी छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। इस सीजन में छात्रों ने अलग-अलग सेक्टर में कई प्रतिष्ठित रोल हासिल किए। आईआईआईटी-दिल्ली के डायरेक्टर डॉ. रंजन बोस ने कहा कि इस वर्ष के शानदार प्लेसमेंट रिजल्ट उनके छात्रों को मिलने वाली क्वालिटी एजुकेशन और समग्र विकास का प्रमाण है। चुनौतीपूर्ण आर्थिक हालात के बावजूद उनके स्नातकों ने कई टॉप टियर पोजिशन हासिल की हैं, जो इस बात का सबूत है कि छात्रों में काबिलियत है। इन कंपनियों ने सामूहिक रूप से 677 जॉब ऑफर किए हैं। इनमें 548 फुल टाइम पोजिशन और 129 इंटर्नशिप के अवसर हैं।




## प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा कर कालोनी व गोदाम बनाया

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर और जलालपुर गांव में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा कर अवैध कालोनी और गोदाम बनाने का मामला सामने आया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग के सहायक प्रबंधक गौरव ने इस मामले में बिसरख कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

सहायक प्रबंधक के मुताबिक हैबतपुर में खसरा नंबर 251 जमीन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की जमीन है। इस पर अवैध कालोनी काटी जा रही है। पुलिस ने प्राधिकरण की तहरीर के आधार पर हैबतपुर निवासी अजय और अनुज मित्तल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके अलावा जलालपुर गांव में भी खसरा संख्या 96 में अवैध प्लाट काटने की शिकायत प्राधिकरण अधिकारियों ने दी है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**खड़े डंपर में घुसी...**
आ गई, जिससे यह हादसा हुआ है। फिलहाल, पुलिस कारण की जांच कर रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि घायलों को मऊ और गाजीपुर जिला अस्पताल भेजा गया है। अब तक चार लोगों के मौत होने की खबर है। जिसमें बस ड्राइवर राम पुत्र राम आधार (45) निवासी ग्राम करथ थानां तारारी जनपद भोजपुर बिहार, कमला देवी पत्नी राम प्रवेश यादव (65) निवासी ग्राम करथ थाना तारारी जनपद भोजपुर बिहार, विनोद सिंह (आर्मी मैन) निवासी हसन बाजार थाना अभई जनपद भोजपुर बिहार, सुनीता सिंह उर्फ संध्या पत्नी विनोद सिंह निवासी ग्राम हसन बाजार थाना अभई जनपद भोजपुर बिहार शामिल हैं।

**जेईई एडवांस परीक्षा...**
वर्ष्णी ने 1841 समेत अन्य ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इन छात्रों ने एडवांस की परीक्षा उत्तीर्ण कर आईआईटी में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया है।

सेक्टर-62 फिटजी के छात्र कनव चौधरी ने जेईई एडवांस में ऑल इंडिया 56वीं रैंक हासिल की हैं। वह आईआईटी दिल्ली से सीएस में बीटेक करना चाहते हैं। कनव ने नौवीं में आईआईटी में जाने का लक्ष्य निधारित कर लिया था। उसी के अनुसार तैयारी पर फोकस किया। जेईई मेंस में उनके 334वीं रैंक थी। कनव के 12वीं में 98 प्रतिशत और 10वीं 99.8 प्रतिशत अंक थे। उनके पिता विनोद कुमार आईटी कंपनी में कार्यरत है। कनव फिजिक्स ओलिंपियाड में स्तर-1 और कैमिस्ट्री ओलिंपियाड में स्तर-2 तक पहुंचे हैं।

**दो मंजिला मकान में...**
के लिए रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से एक महिला व बालिका को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। आग बुझाने में प्रकाश सोनी के एक पड़ोसी भी झुलस गए और उनको भी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि आग किस कारण से लगी इस बात का पता नहीं चल सका है। लोगों ने ऐसी आशंका जताई है कि शार्ट-सर्किट से आग लगी थी।

**'भाजपा को छोड़िये....**
समर्थन देने पर उनका आभार जताएंगे। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव,उत्तर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष विदित चौधरी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव ओम वीर यादव,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर , वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश अवाना, पूर्व नोएडा महानगर अध्यक्ष शाहबुद्दीन, सोशल आउटरीच युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद चांद, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मुखिया,एस एस राना, सोशल आउटरीच जिलाध्यक्ष गौतमबुधनगर मोहम्मद गुलफाम, राज कुमार भारती, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक विभाग लियाकत चौधरी, विक्रम चौधरी, आर के प्रथम, रामकुमार शर्मा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष गौतमबुधनगर राज़ कुमार मोनू, पूर्व प्रत्याशी सादाबाद विधानसभा मथुरा प्रसाद,जय प्रकाश खटाना आदि मौजूद थे। उधर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 14 जून को दादरी विधानसभा तथा 15 जून को जेवर विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी।

इस दौरान कार्यकर्ता जगह-जगह नुक्कड़ सभा करके लोगों को कांग्रेस का समर्थन देने पर धन्यवाद व आभार प्रकट करेंगे तथा भविष्य में कांग्रेस को पूरा समर्थन देने की अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि जतना जान चुकी है कि लंगड़ी सरकार ज्यादा दिनों तक की मेहमान नहीं है। इसलिए कांग्रेस सही भविष्य में स्थायी विकल्प दे सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आम जनता से अपील करेगी कि भाजपा को छोड़िये कांग्रेस से जुड़िये।

**सुरक्षा गार्डों के...**
से मारने की धमकी दी। धमकी देने के बाद पिता पुत्र मौके से चले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## खोया-पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं के एन सरिता पुत्री श्री सत्यपाल सिंह निवासी - फ्लैट नंबर-104 टावर नंबर -05 अम्रपाली ग्रांड सेक्टर जीटा,-01 ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश)। मैंने बीटेक की परीक्षा अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद से वर्ष 2007 में पास की थी जिसमें मेरा एनरोलमेंट नंबर - 030273104844 व रोल नंबर- 0302731044 है। मेरा माइग्रेशन सर्टिफिकेट कही गुम हो गया है जिसका उपयोग किसी अन्य द्वारा अवैध होगा मिलने पर उपरोक्त पते में संपर्क करें।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com




## कार्यालय : ग्राम पंचायत विकास खण्ड दादरी, गौतमबुद्धनगर

पत्रांक : मीमो | दिनांक: 10.06.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायतों की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग केन्द्रीय वित्त/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तरल व ठोस अवशिष्ट प्रबंधन में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक रजिस्टर्ड आपूर्तिकर्ता जिनकी फर्म पर जी.एस.टी. नं. उपलब्ध हो निम्नानुसार तिथि तक सीलबंद लिफाफे में मात्रा के बिल के अनुसार निविदाए संबंधित ग्राम पंचायत पर प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रस्तुत निविदाएं दिये गये दिनांक के अनुसार निविदादाताओं की उपस्थित में खोली जाएंगी। निविदादाता द्वारा निविदा के 100 रू. गैरन्यायिक स्टाम्प जिस पर निविदादाता के हस्ताक्षर हो संलग्न करना अनिवार्य है। निविदादाताओं के द्वारा कार्य की कीमत की 10 प्रतिशत राशि जमा करनी आवश्यक है। ग्राम पंचायत को किसी भी निविदा को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | ग्राम पंचायत सचिव | ग्राम प्रधान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छोलस | 15/06/2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर | ओम प्रकाश | अली अथर |
| 2. | सैंथली | 15/06/2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर | सिकंदर हयात | अंजू भाटी |
| 3. | छायसा | 15/06/2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर | सिकंदर हयात | श्रीमती बबीता मलिक |
| 4. | जारचा | 15/06/2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर | संदीप कुमार | श्रीमती सुनीता |
| 5. | रामगढ़ चामरावली | 15/06/2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर | वीरेंद्र वशिष्ठ | सुमित तेवतिया |
| 6. | दतावली | 15/06/2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर | वीरेंद्र वशिष्ठ | बलराज भाटी |
| 7. | भोगपुर | 15/06/2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर | वीरेंद्र वशिष्ठ | श्रीमती रेखा भाटी |
| 8. | आनंदपुर | 15/06/2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर | वीरेंद्र वशिष्ठ | श्री कपिल कुमार |
| 9. | बिल अकबरपुर | 15/06/2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर | वीरेंद्र वशिष्ठ | श्रीमती सत्तो देवी |
| 10. | कलौदा | 15/06/2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर | सिकंदर हयात | मोहम्मद उमर |

**सामगी विविरण**

| क्र. सं. | नाम सामग्री/ मद | क्र. सं. | नाम सामग्री/ मद | क्र. सं. | नाम सामग्री/ मद | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इंटरलॉक टाईल | 12 | फ्लोर टाईल | 23 | हैंड पम्प, रिवोर कार्य | पीडब्ल्यूडी/आईडी के मानकनुसार |
| 2 | सीमेंट | 13 | वॉल टाईल | 24 | सैनटरी का सामान | हैंडपम्प रिबोर संबंधी सामान |
| 3 | सरिया | 14 | वाटर टैंक (ISI Mark) | 25 | वॉल पेटिंग का कार्य | तार फैसिंग |
| 4 | कच्ची रोड़ी | 15 | सैनटरी आईटम इलेक्ट्रोनिक सामान | 26 | डस्टबिन/बैंच | गोवंश आश्रय स्थल संबंधी सामान |
| 5 | रोड़ी पत्थर | 16 | इलेक्ट्रोनिक आईटम मजदूरी सहित / सोलर लाईट / स्ट्रीट लाईट | 27 | फर्नीचर | ओपन जिम, कोविड-19 संबंधी सामान |
| 6 | बालू रेत | 17 | अर्थ वर्क | 28 | ई-रिक्शा क्रय-मरम्मत | वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम संबंधी सामान |
| 7 | बदरपुर | 18 | सैटरिंग कार्य | 29 | कैमरा स्थापित | जेसीबी मशीन का कार्य। |
| 8 | ईंट (प्रथम श्रेणी) | 19 | हैंडपंप संबंधित सामान | 30 | सोलर इन्वर्टर बैटरी सिस्टम | फोमिंग मशीन, वाटर कूलर |
| 9 | ईंट (द्वितीय श्रेणी) | 20 | रिक्शा ठेली | 31 | कंप्यूटर क्रय, मरम्मत | |
| 10 | नाली चैनल | 21 | समर सेविल कूड़ा निस्तारण सामान | | | |
| 11 | ह्यम पाईप, सीमेंट की चादरें | 22 | लोहे के दरवाजे जाल आदि | | | |

**नियम व शर्तें:-**
1- निविदादाता निविदा के साथ जी.एस.टी. नं. की छाया प्रति अवश्य रूप से संलग्न करेंगे।
2- समस्त सामग्री आर.ई.डी./ पीडब्ल्यूडी विभाग के मानक के अनुसार आपूर्ति की जायेगी।
3- निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करनी होगी, जिसका कोई भाडा देय न होगा।
4- निविदादाता सामग्री की मांग/आवश्यकता आदि की जानकारी संबंधित ग्राम पंचायत के प्रधान/ सचिव से किसी भी कार्य दिवस में निविदा की अंतिम तिथि तक प्राप्त कर सकते हैं।
5 - निविदादाताओं से नियमानुसार आयकर की कटौती की जाएगी।

**ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत, विकास खण्ड**
**दादरी, गौतमबुद्धनगर**

## खास खबर

### रोहित का पुराना वीडियो वायरल

**न्यूयॉर्क ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अपने मजाकिया अंदाज के कारण जाने जाते हैं। अब रोहित का एक पुराना वीडियो वायरल हुआ है। साल 2023 के इस वीडियो में रोहित ने हंसी मजाक करते हुए पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के कोच बनने की बात कही थी। इसमें जब रोहित से पूछा गया था कि एक खिलाड़ी के रूप में पाक बल्लेबाजों को आप क्या सलाह देना चाहेंगे जिससे कि वे अपने खराब फॉर्म से कैसे बाहर आ सकें तो रोहित ने कहा थ कि मैं पाक का कोच बना तो इस बारे में बताउंगा। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने अबतक तीन में से पाकिस्तान के खिलाफ 2 टी20 मुकाबले जीते हैं। पाक टीम केवल एक बार एशिया कप 2023 में जीती थी। भारतीय टीम ने रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप 2022 में दूसरी बार पाक को हराया था।

### पहलवान पूजा यूएफसी में की जीत हासिल

**केंटकी ।** भारतीय महिला पहलवान पूजा तोमर ने ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस को हराकर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में जीत हासिल की है। है। पूजा ने यूएफसी लुइसविले में स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) वर्ग में सैंटोस को 30-27, 27-30, 29-28 से हराया। इसी के साथ ही पूजा यूएससी में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बनी हैं। पूजा ने जीत के बाद उत्साहित होकर कहा, यह केवल मेरी जीत नहीं है। यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय पहलवानों की जीत है। इससे पहले कभी किसी को उम्मीद नहीं थी कि भारतीय पहलवान भी इसमें हरा सकते हैं। इसलिए मुकाबले के दौरान मेरा धयान केवल जीत पर लगा हुआ था। मैं साबित करना चाहती थी कि भारतीय फाइटर भी यहां जीत दर्ज कर सकते हैं।

### सौरभ को पसंद नहीं करते जॉय

**मुम्बई।** आईपीएल टीम कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) के पूर्व डायरेक्टर जॉय भट्टाचार्या अमेरिका की ओर से खेलने वाले भारतीय मूल के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर को पसंद नहीं करते हैं। सौरभ ने टी20 विश्वकप में अमेरिकी टीम की पाकिस्तान के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी। सौरभ ने इस मैच में सुपर ओवर में मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार जैसे बल्लेबाजों को आउट किया था। केकेआर के पूर्व डायरेक्टर जॉय ने कहा, साल 2008 के आईपीएल से पहले मुंबई में ट्रायल था। तब मैंने सौरभ को करने करने के लिए कहा था। मैंने टीम मैनेजमेंट से कहा था कि भले इसे अभी नहीं खिलाएंगे पर हमें इसे साइन कर लेना चाहिए पर तब उसने परीक्षा के कारण मना कर दिया था। इसलिए मैं सौरभ को पसंद नहीं करता हूं। वो ऐसा लड़का है जो हम लोगों के लिए फायदेमंद नहीं है।

### वानिंदु हसरंगा बने नंबर वन गेंदबाज

**डलास ।** बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के कप्तान और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने महान तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़कर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। हालांकि नतीजा श्रीलंका के पक्ष में नहीं आया और उन्हें बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में पहली बार हरा दिया। मैच में बल्लेबाजी कर 0 पर आऊट हुए हसरंगा ने गेंदबाजी में कमाल दिखाकर 4 ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट लिए। इन दो विकेटों के साथ उन्होंने टी20ई क्रिकेट में 108 विकेट पूरे कर लिए और मलिंगा को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम इस प्रारूप में 107 विकेट हैं। श्रीलंका के लिए टी20ई में सर्वाधिक विकेट लेने वाले अन्य खिलाड़ी श्रीलंका को खेल के हर विभाग में बौना साबित कर बांग्लादेश ने शनिवार को टी20 विश्वकप के रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हरा दिया।

# बांग्लादेश को हराने के इरादे से उतरेगी दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी

**न्यूयार्क ।** दक्षिण अफ्रीका की टीम सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप क्रिकेट मुकाबले में बांग्लादेश को हराकर अपनी लय बनाये रखने उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अभी तक ग्रुप डी में अपने शुरूआती दोनो मैच जीते हैं , ऐसे में उसका लक्ष्य यहां भी जीत हासिल करना रहेगा। इस मुकाबले में हालांकि दोनों ही टीमों के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर खेलना आसान नहीं होगा। अब तक इस पिच पर कोई भी टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी है।



दक्षिण अफ्रीकी टीम ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं, ऐसे में उसके लिए इस पिच पर खेलना बांग्लादेश के मुकाबले आसान रहेगा। बांग्लादेश ने इस मैदान पर एकमात्र अभ्यास मैच भारत से खेला था जिससे उसे करारी हार मिली थी जिससे उसका मनोबल कमजोर रहेगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए भी ये मुकाबला आसान नहीं है। इसका कारण है कि उससे नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले जीते हैं पर उसके बल्लेबाजों को यहां रन बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए राहत की बात ये है कि उसके गेंदबाजों ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में बांग्लादेशी बल्लेबाजों के लिए इस गेंदबाजों का सामना करना कठिन होगा। , दक्षिण अफ्रीकी टीम में एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, मार्को यानसन और ओटनील बार्टमैन जैसे तेज गेंदबाजों के साथ ही केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर भी है।

दक्षिण अफ्रीका की चिंता हालांकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का अब तक रन नहीं बनाना रहा है। डच टीम के खिलाफ हुए मुकाबले में उसकी टीम पहले 10 ओवरों में केवल 33 रन बना पाई थी। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर की साझेदारी के कारण ही वह हार से बची। दक्षिण अफ्रीका के अभी दो मैच में चार अंक हैं और बांग्लादेश के खिलाफ जीत से सुपर 8 में जगह बनाने में उसे आसानी होगी। वहीं आंकड़ों पर नजर डाले तो दक्षिण अफ्रीका की टीम अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश से कोई मैच नहीं हारी है। बांग्लादेश ने इस टूनामेंट में श्रीलंका को हराया है और इसी से प्रेरणा लेकर वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी पर जीत के लिए उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना रहेगा। भारत के खिलाफ अभ्यास मैच के साथ ही श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में भी उसे बल्लेबाजों को रनों के लिए खासा संघर्ष करना पड़ा था। बांग्लादेश की ओर से बल्लेबाजी में केवल लिटन दास ही कुछ हद तक रन बना पाये थे।

बांग्लादेश को इस मुकाबले में जीत दर्ज करनी है तो उसके सभी बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बांग्लादेश के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अब तक के हुए मुकाबलों में लय में नहीं दिखे। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक रहेगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद ह्रदय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब। यात्रा करने वाले रिजवर्ः अफीफ हुसैन, हसन महमूद।

# वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप में की सबसे बड़ी जीत हासिल

एजेंसी

**गयाना ।** वेस्टइंडीज ने यहां टी20 विश्व कप में युगांडा के खिलाफ हुए अहम मुकाबले में 134 रनों की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने युगांडा को जीत के लिए 174 रन का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए युगांडा की टीम 12 ओवर में 39 रनों पर ही सिमट गयी। युगांडा की ओर से कोई भी खिलाड़ी टिककर खेल नहीं पाया। वेस्टइंडीज की ओर से स्पिनर अकील हौसेन ने 5 खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजा। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए



वेस्टइंडीज की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन बनाए। उसकी ओर से ब्रैंडन ने 13 रन जबकि चार्ल्स ने 44 रन बनाए। वहीं निकलस पूरन ने 17 गेंदों में 22 रन बनाए। कप्तान पॉवेल ने 18 में 23, रदरफोर्ड ने 16 में 22 जबकि आंद्रे रसेल ने 17 गेंदों में 30 रन बनाये। इस प्रकार वेस्टइंडीज ने कुल 173 रन बनाये। वहीं युगांडा की ओर से कप्तान मसाबा ने 2 विकेट जबकि रामजानी, क्येवुता और नकरानी ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए युगांडा का कोई भी खिलाड़ी दो अंकों तक नहीं पहुंच पाया। सलामी बल्लेबाज उतरे रोजर मुकासा और साइसन सेजी शुरूआत में ही पेवेलियन लौट गये। मुकासा खाता तक नहीं खोल पाये जबकि सेजी ने 4 रन बनाये।तीसरे नंबर पर आए ओबुया ने 6, चौथे पर आए रमजानी ने 5 रन बनाए। कप्तान ब्रायन मसाबा भी 1 रन बनाकर आउट हो गये।

# स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन खिताब जीता

एजेंसी

**पेरिस ।** पोलैंड की शीर्ष महिला टेनिस स्टार इगा स्वियातेक ने एक बार फिर फ्रेंच ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। स्वियातेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराया। इस जीत के साथ ही स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में लगातार तीसरी बार महिला एकल का खिताब अपने नाम किया है। स्वियातेक ने किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहली बार जगह बनाने वाली पाओलिनी को आसानी से हरा दिया। स्वियातेक



पहले सेट में एक समय 1-2 से पीछे चल रही थी पर इसके बाद उन्होंने लगातार 10 गेम जीतकर सेट के साथ ही मुकाबले में 5-0 से बढ़त हासिल कर ली। स्वियातेक अब फ्रेंच ओपन में 21 मैच जीतने वाली खिलाड़ी बन गये हैं। रोला गैरां में अब जीत-हार का रिकॉर्ड 35-2 हो गया है। जस्टिन हेनिन के बाद स्वियातेक पोलैंड की अकेली ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में लगातार तीन खिताब अपने नाम किये हैं।

स्वियातेक ने 2020 में भी फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। इसके अलावा उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन में भी जीत हासिल की थी। इस तरह से ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 हो गया है।

# बालाजी ने भारतीय गेंदबाजों को फुल लेंथ गेंदबाजी फेंकने को कहा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा है कि न्यूयॉर्क के नसाऊ क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भारतीय गेंदबाजों को ज्यादा फुल लेंथ गेंदबाजी करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के खिलाफ हार के बाद पाक टीम का मनोबल गिरा रहेगा पर वह इस मैच मे जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी ऐसे में भारतीय गेंदबाजों को सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अब तक शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं। अर्शदीप को छोड़कर टीम के सभी गेंदबाज तीनो प्रारूप खेलते हैं। साथ ही कहा कि सफलता के लिए आपको बुनियादी बातों पर जमे रहना होगा। एक विशेष कार्यक्रम में बालाजी ने कहा कि इस पिच पर पिछले दो मैचों में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है और निश्चित रूप से वे इसी तरह की लय जारी रखने का प्रयास करेंगे। इस स्टेडियम की पिच के ऊपर खराब होने के आरोप भी लगे हैं। वहीं इस मामले में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि पिचों की गुणवत्ता बढ़ाई जा रही है जिससे शॉट खेलना आसान हो जाये। वहीं पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि खिलाड़ियों को न्यूयॉर्क के कठिन हालातों के अनुसार ढ़लना होगा।

### न्यूयॉर्क की पिच पर बोले खेलना आसान नहीं : हरभजन

**न्यूयॉर्क ।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर खेलना चुनौतीपूर्ण है। हरभजन के अनुसार ये विकेट सपाट विकेट नहीं है। इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है। साथ ही कहा कि ये कहना भी सही नहीं होगा कि यहां खेला ही नहीं ज सकता। इस मैदान पर अभी तक कोई टीम 200 रन भी नहीं बना पायी है। उन्होंने कहा कि यहां इसलिए बल्ले और गेंद के बीच की अच्छी लड़ाई होनी चाहिये। एक अच्छी पिच पर हमेशा ये ही होता है। जहां गेंदबाज भी खेल में बने रहें वहीं पिच अच्छी होती है। साथ ही कहा कि तेज गेंदबाजों को मिल रही सहायता के कारण यहां बड़ा स्कोर बनना संभव नजर नहीं आ रहा। इसके बाद भी मुकाबला कठिन होगा।

# मैदान में बल्लेबाजों को परेशान करने में बहुत मजा आता है: सौरभ

▶ अमेरिका टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ी ने किया खुलासा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका की पाकिस्तान पर जीत में भारतीय मूल के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने अहम रोल निभाया है। सौरभ ने सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी कर अमेरिका को जीत दिलाई। सौरभ भारत की ओर से अंडर 19 वर्ल्ड कप खेल चुका है। सौरभ का कहा कि उन्हें मैदान के बाहर ह्यकोडिंगङ्क करने और मैदान के अंदर बल्लेबाजों को परेशान करने में बहुत मजा आता है। अमेरका ने पाकिस्तान को हराकर विश्व कप में अपनी



लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर ने सुपर ओवर में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को लक्ष्य छूने नही दिया जिससे अमेरिका टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर करने में सफल रही। इससे सौरभ चर्चा का विषय बन गए। सौरभ ने कहा कि यह केवल एक मैच था जिसमें हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमारा ध्यान अगले मैच पर है और सच कहूं तो अमेरिका की टीम में शामिल सभी खिलाड़ी अपनी उपलब्धियां को आत्मसात करने की कोशिश कर रहे हैं।सौरभा मुंबई के रहने वाले हैं और वह भारत की अंडर 19 टीम के सदस्य रहे हैं। सौरभ पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने क्रिकेट और अपनी नौकरी के बीच सामंजस्य स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि वह कभी दबाव महसूस नहीं करते जब आप किसी चीज को पसंद करते हैं तब वह आपके लिए काम नहीं रह जाता है। इसलिए जब मैं मैदान पर होता हूं तो मुझे गेंदबाजी करना और बल्लेबाजों को परेशान करना पसंद है। जब मैं कोडिंग करता हूं तो मैं उसमें रम जाता हूं। इसलिए मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं जबरदस्ती कोई काम कर रहा हूं। अमेरिका टीम लगातार दो मैच जीतकर ग्रुप में चार अंक लेकर टॉप पर है। इस ग्रुप में भारत दो अंक के साथ दूसरे नंबर पर है जबकि पाकिस्तान को खाता खुलने का इंतजार है। अमेरिका का 12 जून को भारत से मुकाबाल होगा।

# इंग्लैंड पर टी20 विश्वकप से बाहर होने का खतरा मंडराया

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** इंग्लैंड की टीम को टी20 विश्वकप क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी के इस मैच में इंग्लैंड ने 36 रनों से हराया। ऑस्ट्रेलियन टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 201 रन बनाये जिसके बाद लक्ष्य का पीछा कतरे हुए इंग्लैंड टीम 6 विकेट पर 165 रन ही बना पायी। इससे इंग्लैंड पर विश्वकप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। इसका कारण है कि इंग्लैंड के दो मैचों के बाद सिर्फ एक अंक है और वह अंक तालिका में चौथे नंबर पर है।



वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड को हराकर ग्रुप में 4 अंक के साथ पहले नंबर पर है जबकि स्कॉटलैंड 3 अंक के साथ दूसरे और नामीबिया 2 अंक लेकर तीसरे नंबर पर हैं। हर ग्रुप से सुपर-8 में शीर्ष-2 टीमें पहुंचेंगी। इंग्लैंड को सुपर-8 में जाने के लिए अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने के साथ ही स्कॉटलैंड के परिणाम पर भी नजरें रखनी होगी। अगर स्कॉटलैंड ने एक और मैच जीता और उसका नेटरनरेट बेहतर रहा तो इंग्लैंड टी20 विश्वकप से बाहर हो जाएगी। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल मार्श (35), ट्रैविस हेड (34), मार्कस स्टॉयनिस (30) और ग्लेन मैक्सवेल (28) रन की पारी खेली। मैथ्यू वेड ने 17 और टिम डेविड ने 11 रन बनाए।

इसके बाद 202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम की अच्छी शुरूआत रही। कप्तान व ओपनर जॉस बटलर (42) और फिल सॉल्ट (37) ने 7.1 ओवर में 73 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की पर बाद के बल्लेबाज इसका लाभ नहीं उठा पाये। जिससे उसे हार का सामना करना पड़ा।

# पाक को कमजोर समझना गलत होगा : गेल

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल कहा है कि भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप विरोधी टीम का कम नहीं आंकना चाहिये। भारतीय टीम ने आयरलैंड पर जीत के साथ इस आईसीसी टूर्नामेंट में अच्छी शुरूआत की है पर पाक के खिलाफ मुकाबला आसन नहीं रहेगा। अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में पाक को हार का सामना करना पड़ा था। गेल ने इस अहम मैच को लेकर कि पाक टीम का मनोबल गिरा हुआ है और उसके लिए भारतीय टीम का सामना करना कठिन रहेगा। गेल ने हालांकि कहा कि



इन दोनो टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। ऐसे में भारतीय टीम को चुनौती देने के लिए पाकिस्तान को एकजुट होकर खेलना होगा। उन्होंने कहा कि अब एक और हार के साथ ही पाक टीम टूर्नामेंट से बाहर होगी। गेल ने अमेरिकी टीम के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की है। अमेरिकी टीम कनाडा और पाकिस्तान पर जीत के बाद ग्रुप ए अंक तालिका में शीर्ष पर है। उन्होंने कहा कि मैं भी पाकिस्तान पर अमेरिका की जीत से अभिभूत था। यह एक बहुत बड़ा परिणाम है जो न केवल उनके लिए अविश्वसनीय है बल्कि पूरे क्रिकेट के लिए बहुत बड़ा संकेत है। आप विश्व कप में हमेशा कुछ उलटफेर की उम्मीद करते हैं और अमेरिका ने इस बार कनाडा के अलावा पाक को भी हराकर अपनी क्षमताओं को साबित किया है।

# टीम इंडिया को रहना होगा होशियार, भारत-यूएसए का मुकाबला 12 को

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मेजबान अमेरिका ने टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हराकर तहलका मचा दिया है। अमेरिका की इस विश्व कप में यह दूसरी जीत है। इससे पहले उसने कनाडा को हराकर इस टूनामेंट में अपने अभियान की शुरूआत जीत से की थी। ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, कनाडा, आयरलैंड और अमेरिका की टीमें हैं। सुपर ओवर में पाकिस्तान को हराने वाली अमेरिकी टीम से भारत को होशियार रहना होगा। उसके खिलाड़ी फॉर्म में हैं और दबाव वाले क्षण में बिखरने के बजाए एकजुट रहते हैं। भारत और अमेरिका का विश्व कप के 25वें मैच में आमना सामना होगा। यह मुकाबला 12 जून को न्यूयॉर्क



में खेला जाएगा। अमेरिका ने टी20 विश्व कप में अभी तक दो मैचों में जीत दर्ज की है वह सिर्फ महज एक संयोग नहीं है। टीम ने दमदार खेल खेला है। अमेरिका की टीम में भारत, वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका मूल के खिलाड़ी खेल रहे हैं। इनमें से कई ऐसे हैं जो अकेले दम पर मैच को पलटने का दम रखते हैं। अमेरिका ने टी20 विश्व कप में आने से पहले टी20 द्विपक्षीय सीरीज में बांग्लादेश को 2-1 से हराया था। अब टी20 विश्व कप में अमेरिका की टक्कर भारत से होने वाली है।अमेरिकी टीम ने कनाडा के खिलाफ रिकॉर्ड 94 रन बनाने वाले एरोन जोंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था जबकि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले कप्तान मोनांक पटेल को यह अवॉर्ड दिया गया। अमेरका के ओपनर स्टीवन टेलर 26 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। उनके नाम 754 रन दर्ज हैं। वह एक शतक और चार अर्धशतक जड़ चुके हैं। मोनांक पटेल के नाम 27 टी20 में 507 रन दर्ज हैं जिसमें तीन फिफ्टी शामिल हैं। साउथ अफ्रीकी मूल के एंड्रीज गॉस आठ मैचों में 261 रन बनाए हैं जिसमें तीन अर्धशतक हैं। वहीं मिडिल ऑर्डर में एरोन जोंस हैं। जोंस 28 मैचों में 514 रन बना चुके हैं। बॉलिंग में अमेरिका के पास सौरभ नेत्रवलकर के रूप में शारदार गेंदबाज है जो 29 विकेट टी20 में ले चुके हैं। अली खान के पास 10 मैचों में खेलने का अनुभव है जो 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। भारतीय मूल के हरमीत सिंह अपनी स्पिन गेंदबाजी से 8 मैचों में 7 विकेट ले चुके हैं।



विएना में 13 वीं ऑस्ट्रियन वशु चैम्पियनशिप में भाग लेते हुए प्रतियोगी।



# बच्चों को खाना बनाने की प्रक्रिया में करें शामिल

खाना बनाना एक ऐसी कला है जो हर एक इंसान को आनी चाहिए। खाने के लिए किसी दूसरे पर निर्भर होना आपको ही नुकसान करेगा। इसलिए मां-बाप को बचपन से ही बच्चों को छोटी-मोटी चीजें बनानी सिखानी चाहिए। अगर आप अपने बच्चे को खाना बनाना सिखाना चाहते हैं, तो आपको कुछ बातें ध्यान में रखनी होंगी, जिससे बच्चा अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए खाना बनाना सीख सके। इसके लिए अलग से समय निकालने की जरूरत नहीं है।



- जो बच्चे खाना खाने में आनाकानी करते हैं उन्हें खाना बनाते समय साथ रखने से उनमें खाने के प्रति दिलचस्पी पैदा होती है। लेकिन बहुत छोटे बच्चे को किचन में न लाएं। बच्चा कम से कम 4 से 5 साल का हो तब उसे किचन में लाना शुरू करें।
- खाना बनाने से बच्चों का बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है। बच्चों को अलग-अलग तरह की सब्जी, अनाज, फल और मसाले की जानकारी होती है। खाना बनाते समय ये सब चीजें उन्हें दिखाते चलें।
- बच्चों को किचन में साथ में रखने से वे खुरचना, पलटना, बेलना, फेंटना, छीलना, काटना, निचोड़ना जैसी चीजों के बारे में सीखते हैं, जो उनके लिए नए अनुभव होते हैं।
- चीजों को नाप कर बनाने से बच्चों की मैथ्स में दिलचस्पी बढ़ती है और उनकी कैलकुलेशन अच्छी होती है।
- बच्चों को डिनर टेबल सजाना सिखाएं। प्लेट, गिलास, कटोरी और चम्मच सजा कर रखने को कहें। इससे उनमें मैनेजमेंट के गुण आएंगे।

# पार्टी के लिए मेकअप लुक

नया साल शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। नए साल की शुरुआत करने के लिए अक्सर हम अपने दोस्तों और परिवारजनों के साथ घूमना या पार्टी करने का प्लान बनाते हैं। पार्टी के लिए मेकअप लुक कैसा करें, यह काफी उलझन भरा सवाल हो सकता है। इसमें आपकी मदद करने के लिए हम आपके फेवरेट सिलेब्रिटूज के ग्लैमलुक लाएं हैं, जिनसे इंस्पायर होकर आप अपना न्यू ईयर लुक क्रिएट कर सकते हैं।



### कलरफुल बेस लाइन

न्यू ईयर ईव को रंगीन बनाने के लिए आप अपने आई मेकअप के साथ कुछ अलग कर सकते हैं। अपनी आंखों के बेस के लिए नॉर्मल ब्लैक या ब्राउन शेड की जगह, आप किसी ब्राइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल कर सकते हैं, जैसे- पीला, हरा, लाल या गोल्डन। इससे आपकी आंखें, आपके चेहरे की ही नहीं बल्कि पूरी पार्टी की सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन जाएंगी।

### क्लासिक रेड लिप्स

रेड लिप्सटिक आज से नहीं बल्कि काफी समय से ग्मैर वर्ल्ड की दुनिया में राज करती आई है। सिलेब्रिटीज के रेड कारपेट लुक से लेकर आपकी न्यू पार्टी तक के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। रेड लिप्सटिक आपके लुक को काफी बेहतर बना सकती है।

### ग्लिटरी आई मेकअप

किसी भी पार्टी के लिए ग्लिटरी आई लुक काफी बेहतर ऑप्शन हो सकता है। वैसे भी पार्टी बिना ग्लिटर्स के पूरी नहीं होती। इसलिए अपने न्यू ईयर पार्टी लुक के लिए आप गोल्डन, सिल्वर या ब्रोन्ज आई शैडो का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### डब्ल विंग आई लाइनर

कुछ अलग सा आई मेकअप आपकी आंखों के लुक को काफी अलग बना सकती हैं। डब्ल विंद आई लाइनर ऐसा करने में आपकी मदद कर सकता है। आंखों के ऊपर विंग और नीचे विंग आईलाइनर लगाएं।

### रिवर्स आई लाइनर

रिवर्स आईलाइनर इस साल के काफी पॉपुलर मेकअप लुक्स में से एक रहा है। इस लुक को पाने के लिए आप अपनी अपर लिड की जगह, लोवर लैश लाइन पर विंग्ड आई लाइनर लगाएं। आप चाहें तो पेंसिल लाइनर का इस्तेमाल कर, इसे ब्रश की मदद से स्मज भी कर सकते हैं।



# नाखूनों को रखें हेल्दी

स्वस्थ बने रहने के लिए सिर्फ शरीर पर ही ध्यान देना जरूरी नहीं है, बल्कि नाखूनों की भी साफ-सफाई और देखभाल जरूरी है क्योंकि इन्हें जरिए कीटाणु आसानी से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। दूसरा आजकल महिलाएं नाखूनों पर कई तरह के केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर रही हैं। ये बेशक आपके नाखूनों को खूबसूरत बनाते हैं, लेकिन साथ ही इससे नाखून ड्राई और पीले पड़ जाते हैं, तो कैसे करें इनकी केयर, आइए जान लेते हैं।

### बायोटिन को करें ऐड

बायोटिन हमारे बालों और नाखूनों की मजबूती बढ़ाने में बहुत ही जरूरी विटामिन है। कई रिसर्च में भी इस बात का पता चलता है कि नियमित रूप से बायोटिन सप्लीमेंट लेने से नाखूनों की क्वॉलिटी सुधरती है। वैसे आप विटामिन बी युक्त खानपान को भी डाइट में शामिल कर ये फायदा ले सकती हैं। उबले अंडे, नट्स, पीनट बटर, साबुत अनाज, सोया, फलियां, गोभी, केले और मशरूम को करें डाइट में शामिल।

### वॉटर बेस्ड मैनीक्योर से बचें

वॉटर बेस्ड मैनीक्योर देखने में भले ही अच्छी लगती हो, लेकिन ये नाखूनों के लिए सही नहीं होती, तो इसे अवॉयड करें। वॉटर बेस्ड मैनीक्योर में नेल पॉलिश नाखूनों पर चिपक जाती है, वहीं अगर आप ऑयल बेस्ड मैनीक्योर चुनती हैं, तो इससे नाखून ड्राई नहीं होते।

### ऑयल से करें मॉयस्चराइज

अपने नेल्स को तेल से मॉयस्चराइज करें, जिससे वे मजबूत बने रहें। सोने से पहले नेल्स के क्यूटिकल्स पर बादाम का तेल लगाना सही होता है। इससे ड्राईनेस नहीं होती। बादाम का तेल न हो, तो लिप बाम से भी काम चलाया जा सकता है।

### सॉफ्टनर लगाएं

नेल्स को हेल्दी और मजबूत बनाए रखने के लिए हफ्ते में एक बार मैनीक्योर जरूर करें। इसके लिए नमक वाले गुनगुने पानी में कुछ देर के लिए हाथों को डुबोएं। फिर हाथों की स्क्रबिंग करें और नाखूनों के किनारों में जमी गंदगी को फाइलर की मदद से साफ कर लें। सबसे बाद में सॉफ्टनर का इस्तेमाल करें।

### इन्फेक्शन को करें दूर

अगर आपके नेल्स के आसपास दाने हो गए हैं या उनमें ब्लीडिंग और खुजली होती रहती है, तो ये इन्फेक्शन हो सकता है। जिसे बिल्कुल भी इग्नोर न करें। इसके अलावा नाखूनों में रेडनेस, सूजन और दर्द रहना फंगल इन्फेक्शन के लक्षण हो सकेत हैं।



# नए कार्य की शुरुआत से पहले करें ये काम

कई बार व्यक्ति को अपने मन मुताबिक सफलता प्राप्त नहीं होती। ऐसे में यदि आपको भी किसी नए काम की शुरुआत में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इन ज्योतिष टिप्स को अपना सकते हैं। इसके साथ ही यह भी जानते हैं कि नई नौकरी जॉइन करने से पहले किन बातों का ध्यान रखने से व्यक्ति को लाभ मिल सकता है।

### जरूर देखें शुभ मुहूर्त

यदि आप किसी नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो इसके लिए शुभ मुहूर्त जरूर देखना चाहिए। इसके साथ ही नए काम की शुरुआत के लिए सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार का दिन बहुत ही शुभ माना गया है।

### जरूर करें ये काम

किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत से पहले गणेश जी का पूजन किया जाता है ताकि उस कार्य में सफलता प्राप्त हो। ऐसे में यदि आप कोई नया बिजनेस शुरू करने जा रहे हैं तो सबसे पहले गणेश जी का पूजन करें।

पूजा के दौरान उन्हें दूर्वा जरूर अर्पित करें। ऐसा करने से व्यक्ति को अपने कार्य में सफलता मिलती है।

### इन दिन करें जॉइनिंग

अगर आप किसी नई नौकरी में जॉइनिंग करने जा रहे हैं तो ज्योतिष की दृष्टि से शनिवार, गुरुवार या मंगलवार का दिन सबसे उत्तम माना जाता है। इसके साथ ही प्रतिपदा, अमावस्या, षष्ठी एवं अष्टमी को छोड़कर, अन्य तिथियों पर नई नौकरी जॉइन करना शुभ माना जाता है।

# चेहरे पर लगाएं ये नेचुरल चीजें

सुबह-सुबह आईने में खुद को निहारना किसे पसंद नहीं होता और खिला-खिला चेहरा नजर आए, तो पूरा दिन कॉन्फिडेंस से भर जाता है। सबकी चाहत होती है कि लोग उनकी खूबसूरती की तारीफ करें। इसके लिए वे तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन कोई भी कॉस्मेटिक का ज्यादा समय तक इस्तेमाल आपकी स्किन को खराब कर सकता है। आप अपनी खूबसूरती को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए हमेशा घरेलू नुस्खों का ही इस्तेमाल करें, तो स्किन के लिए बेहतर है।



### एलोवेरा जेल

एलोवेरा जेल स्किन के लिए हर तरह से फायदेमंद साबित होता है। इसलिए इसको रात में लगाकर सो जाएं इससे अगली सुबह आपकी स्किन नर्म और मुलायम नजर आएगी।

### कच्चा दूध करें अप्लाई

रात में सोने से पहले चेहरे पर कच्चा दूध लगाने से सुबह आपकी त्वचा खिली-खिली नजर आएगी। ये चेहरे के डेड स्किन को हटा देता है जिससे आपकी त्वचा ग्लो करने लगती है।

### मसूर दाल का पेस्ट

दूध में भिंगो कर मसूर दाल का पेस्ट बना लें और इसमें थोड़ी सी शहद मिलाकर इसे चेहरे पर लगाएं और आधे घंटे बाद उसे नॉर्मल पानी से धो लें। आप खूबसूरत खिली-खिली त्वचा।

### हल्दी और मलाई

रात में हल्दी पाउडर में मलाई मिलाकर चेहरे पर लगाएं और कुछ समय बाद इसे हाथों से धीरे धीरे रगड़कर गुनगुने पानी से धो लें । इससे आपका चेहरा दमकने लगेगा।

### पपीता का पेस्ट

पके पपीते का पेस्ट बनाकर उसे चेहरे पर लगाएं और कुछ देर तक मसाज करें और फिर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। फिर नॉर्मल पानी से चेहरा धो लें।इसके इस्तेमाल से भी चेहरे की रंगत निखरती है।

### चंदन और शहद मिलाकर लगाएं

चंदन के फेसपैक में शहद मिलाकर लगाएं और आधे घंटे बाद इसे पानी से धो लें। इससे आपके चेहरे में ग्लो आएगा।

### टमाटर और नींबू

टमाटर के रस में नींबू का रस मिलाकर इसका पेस्ट चेहरे पर लगाएं। करीब 30 मिनट बाद साफ कर लें।



# दोनों के सपोर्ट से चले शादीशुदा जिंदगी की गाड़ी

भाई शादीशुदा लोगों के जीवन में जब तक छोटी-मोटी खटपट न हो, तब तक प्यार और सुकून कहां। इन नोंकझोंक के पीछे कई बार जायज वजहें होती हैं, तो बार ऐसे ही पंगे हो जाते हैं। वैसे एक ऐसा टॉपिक है जिस पर अकसर पत्नियां बिफर जाती हैं और वो हैं पति के दोस्त। जब कभी ब्वॉयज नाइट आउट हो, ट्रिप हो या फिर घर पर लंच, डिनर का इन्विटेशन...बहुत कम चांसेज़ होते हैं जब इसे लेकर आपस में तकरार न हो। ऐसे में पति का पूरा वक्त पत्नी को मनाने में ही चला जाता है। ऐसे बिहेवियर से पति के दोस्तों की नजरों में आपसे ज्यादा आपके पति की इमेज खराब होती है, तो कुछ बातें हैं जिसे ध्यान रखें जब कभी पति के दोस्त घर आएं। आइए जानते हैं इस बारे में।

### पति की ताने मारने से बचें

पति की ऐसी कई सारी आदतें हो सकती हैं, जो आपको पसंद नहीं होती, लेकिन इसका दोस्तों के सामने ढिंढोरा पिटना सही नहीं और उसे लेकर ताने तो बिल्कुल न मारें। आप तो कहकर निकल जाएंगी, लेकिन बाद में दोस्त इस पर हर वक्त उनकी चुटकियां लेते हैं जिससे वो इरीटेट होते रहेंगे और आपसे लड़ाई करते रहेंगे।

### धमकी देने से बचें

पति जब दोस्तों के साथ हों, तो बार-बार उन्हें धमकियां न दें, ये भी एक तरह का बुरा बिहेवियर है, जो दोस्तों के सामने आप दोनों का मजाक बना सकता है। कोई इश्यू है, तो उन्हें अकेले बुलाकर बताएं। इससे वो सिचुएशन को समझदारी के साथ डील करने की कोशिश करेंगे।

### पति को कंजूस न कहें

अगर आपका पति बेफिजूल खर्चे नहीं करता, तो जरूरी नहीं वो कंजूस हो। ऐसा भी हो सकता है कि वो जरूरत की चीज़ें खरीदने में बिलीव करता है, तो उनकी इस आदत को लेकर भी दूसरों के सामने मजाक न बनाएं। इससे उन्हें बुरा लग सकता है।

### नाराजगी जाहिर न करें

अगर किसी बात को लेकर पहले से ही नाराज हैं, तो दोस्तों के घर आने पर ओवर रिएक्ट न करें। ऐसा कई बार होता है कि दबा हुआ गुस्सा किसी के सामने आने पर और ज्यादा जाहिर हो जाता है। कई बार तो कपल्स दूसरों के सामने ऐसा बर्ताव भी कर बैठते हैं कि बात में उन्हें पछतावा होता है। साथ ही दूसरों के सामने आपकी इज्जत भी कम होती है, तो इससे बचें।

# बच्चों की परवरिश

आज के दौर में बच्चों की परवरिश का तरीका काफी बदल चुका है। बदलते परिवेश की वजह से बच्चों की परवरिश मौजूदा समय में काफी मुश्किल हो गई है। बढ़ती महंगाई और बदलती लाइफस्टाइल की वजह से आजकल माता-पिता दोनों की कामकाजी हो चुके हैं। ऐसे में इन दिनों काम के बढ़ते प्रेशर की वजह से लोग अक्सर अपने परिवार और बच्चों को टाइम नहीं दे पाते हैं। अक्सर वर्किंग पेरेंट होने की वजह से अभिभावक बच्चों पर सही तरीके से ध्यान नहीं दे पाते हैं। ऐसे में बच्चे अपने पेरेंट्स से दूर होने लगते हैं और इसकी वजह से वह कई बार गलत रास्तों पर चले जाते हैं। अगर आप भी एक वर्किंग पेरेंट हैं, तो आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जो एक वर्किंग पेरेंट को अपने बच्चों को सही परवरिश के लिए जरूर अपनानी चाहिए।



### सुबह जल्दी उठें

माता-पिता और बच्चे सभी सुबह जल्दी उठें। सुबह जल्दी उठने से आप पाएंगे कि आपको एक दिन में अपने लिए काफी समय मिल जाता है। इस समय को आप अपने बच्चे के साथ शेयर करने के लिए चुनें। बच्चे को स्कूल जाने के टाइम से पहले उठाएं। इससे बच्चे की आदत और उनका स्वास्थ्य दोनों में ही सुधार आएगा। बच्चे के साथ बैठ कर योग करें, उन्हें सूर्योदय और आकाश दिखाएं, प्रकृति से जोड़ें। इससे बच्चे में प्रकृति से भी जुड़ने के संस्कार आते हैं और वह स्वस्थ भी होते हैं। साथ ही वह आपके साथ अधिक समय भी व्यतीत कर पाते हैं, क्योंकि इसके बाद आप ऑफिस और बच्चा

### हफ्ते में एक पूरा दिन बच्चे को दें

हफ्ते या दस दिन में एक पूरा दिन बच्चे को समर्पित करें। उनके पसंद का खाना बनाएं, उन्हें मिलकर कहीं घुमाने ले कर जाएं, उनके साथ कोई अच्छी मूवी देखें या फिर बच्चे के पसंद का कोई भी काम जैसे पेंटिंग, डांसिंग, क्राफ्ट वर्क आदि साथ में बैठ कर करें। इससे बच्चा आत्मिक रूप से आपसे जुड़ेगा। अपनी पसंद-नापसंद और अपनी सभी बातें आपसे शेयर करेगा। इससे हफ्ते भर में अगर उसे किसी दिन नेगलेक्ट महसूस हुआ भी होगा तो उस दिन की भरपाई इस प्रकार से हो जाएगी।

### दिनभर में आधा घंटा बच्चे की बातें ध्यान से सुनें

बच्चे सवालों का पिटारा होते हैं। उनके मन में लाखों सवाल प्रतिदिन आते हैं और दिन भर की सभी बातें शेयर करने के लिए भी उन्हें किसी की जरूरत होती है। अक्सर वर्किंग माता-पिता यह बोल कर बच्चे को चुप करा देते हैं कि "अभी नहीं बोलो बेटा, बाद में बताना, अभी मैं बिजी हूं"। जायज है कि आप वास्तव में व्यस्त हो सकते हैं, लेकिन ऐसे में एक रूटीन ऐसी बनाएं, जिसमें अपने बच्चे के सभी जिज्ञासु सवाल और उसकी दिनभर की बातें आप ध्यान से सुनें, अपना फोन या टीवी किनारे कर के। बच्चे की आंखों में आंखें डाल कर उचित प्रतिक्रिया देते हुए बात करें।



# डार्क चॉकलेट से जुड़े हैं सेहत के कई फायदे

डार्क चॉकलेट खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है। इसके साथ ही, यह आपकी सेहत के लिए भी काफी लाभदायक होता है। इसमें ज्यादा एंटी-ऑक्सिडेंट्स पाए जाते हैं, जो आपकी स्किन को बेहतर बनाने में मददगार होते हैं। यह फ्री-रेडिकल डैमेज से बचाव करता है और साथ ही, कोलेस्ट्रॉल को कम कर दिल की सेहत का भी ख्याल रखता है। इसके अलावा, ब्लड प्रेशर और इंफ्लेमेशन कम करने में भी यह काफी मददगार हो सकता है।

### ब्राउनी

एक पैन में पानी में डालें और उसके ऊपर कटोरे में डार्क चॉकलेट को काट रखें और पिघला लें। जब चॉकलेट पिघल जाए, तो उसे हटा कर, साइड में ठंडा होने के लिए रख लें। एक बड़े कटोरे में आटा, कोको, बेकिंग सोडा मिलाएं। इसके बाद पिघलाई हुई चॉकलेट में चीनी, कॉफी, वेनिला और छाछ मिलाएं। इसमें थोड़ा पानी मिलाएं और अंडे को तोड़कर इसमें मिलाएं। इसके बाद इसमें आटा और कोको का मिश्रण मिलाएं। अब इस मिश्रण को टिन में डालें और 30 मिनट के लिए बेक करें।

### चॉकलेट फ्रिज केक

ड्राई फ्रूट्स को जूस में डालें और 2 मिनट तक माइक्रोवेव करें। इसके बाद चॉकलेट को एक बाउल में लें और उसमें मक्खन और गोल्डन सिरप डालकर माइक्रोवेव में गर्म कर लें। इसके बाद एक कटोरे में बिस्कुट तोड़ें और उसके साथ पिघली हुई चॉकलेट और जूस में भिगोए हुए ड्राई फ्रूट्स मिलाएं। इसके बाद, इसे बेकिंग ट्रे में डालें और अच्छे से फैलाकर, इसे रातभर फ्रिज में रखें। अगले दिन आप इसे चौकोर टुकड़ों में काट लें और आपका केक तैयार है।

### चॉकलेट टी केक

एक कटोरे में क्रीम चीज और चीनी को अच्छे से मिला लें। इसके बाद, पंपकिन, पाई मसाला और वनिला को मिलाएं। इसके बाद इसमें क्रैकर्स तोड़कर मिलाएं। इसके बाद इसे फ्रिज में मिलाएं। इसके बाद इसे एक ट्रे में पंपकिन के मिश्रण को रखें और फ्रिज में ठंडा होने के लिए रखें। माइक्रोवेव में, चॉकलेट पिघलाएं; चिकना होने तक हिलाएँ। ट्रफ़ल्स को चॉकलेट में डुबोएं; अतिरिक्त को टपकने दें।

# हमेशा कुछ नया सीखने का करें प्रयास

आपने कई दफा पढ़ा और सुना होगा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। इसकी शुरुआत कभी भी की जा सकती है। यह ताउम्र चलने वाली ऐसी प्रक्रिया है, जिसके जरिये हम निरंतर अपने कदम बेहतरी की दिशा में आगे बढ़ा रहे होते हैं। कुछ नया सीखने का जज्बा हमारे व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास में सहायक होता है। अगर हम नया सीखना छोड़ दें तो हमारे लिए तरक्की के सारे रास्ते बंद हो जाएंगे और जिंदगी बोझिल-सी लगने लगेगी। इसलिए हमेशा कुछ नया सीखने की कोशिश में जुटे रहना चाहिए। इसके लिए बहुत दूरगामी योजनाएं बनाने या बड़े संकल्प लेने की जरूरत नहीं है, बल्कि आप रोजमर्रा की दिनचर्या में छोटी-छोटी कोशिशों से सीखते हुए भी धैर्य के साथ आगे कदम बढ़ा सकती हैं।



### पहचानें अपनी रुचि

अगर आप कुछ नया सीखना चाहती हैं, तो सबसे पहले अपनी रुचि और शौक को पहचानें। यह समझने की कोशिश करें कि किस तरह के काम को करने से आपको सबसे ज्यादा खुशी मिलती है? कौन-सी बातें आपको सबसे ज्यादा आकर्षित करती हैं? फिर सीखने के लिए वही काम चुनें, जिससे आपको सच्चे आनंद की अनुभूति होती है। वह काम कुछ भी हो सकता है... डांस, म्यूजिक, पेंटिंग कुकिंग या बागवानी। आपको जो भी पसंद हो उसमें कुछ और नया सीखने की कोशिश में जुटे रहें। कुछ नया सीखने की उपलब्धि के अहसास से आपका आत्मिवश्वास बढ़ेगा।

### हुनर को संवारें

अगर आपके अंदर कोई खास हुनर है तो अपने प्रयास से उसे और अधिक निखारने की कोशिश करें। जया शौकिया तौर पर बेकिंग करती थीं और घर पर अकसर केक पेस्ट्री बनाती थीं, फिर उन्होंने इस कौशल को निखारने के लिए बेकिंग क्लासेज में जाना शुरू किया और कोर्स पूरा करने के बाद वह इस कला में पारंगत हो गईं। कोविड के समय जब उनके पति की नौकरी चली गई, तो कॉलेज के दिनों का यही पुराना शौक उनकी आजीविका सहारा बन गया। आज उनके स्टार्टअप से अच्छी आमदनी होती है।

### निर्धारित करें छोटे लक्ष्य

अगर आप कुछ नया सीखना चाहती हैं तो इसकी शुरुआत छोटे-छोटे कार्यों से करें। पहली बार में कोई ऐसी योजना न बनाएं, जिसके लिए बहुत ज्यादा समय और पैसे खर्च करने की जरूरत हो। एक साथ बहुत कुछ सीखने की बजाय एक बार एक ही लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें और उसे पूरा करने की कोशिश में जुट जाएं।

# भारत को महाशक्ति के रूप में स्थापित करेगा पीएम मोदी का तीसरा कार्यकाल : योगी

नई दिल्ली। तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी को उत्तर प्रदेश के



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। सीएम योगी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए पीएम मोदी को शुभकामनाएं दी हैं। सीएम योगी रविवार को नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे।

योगी आदित्यनाथ ने लिखा, '140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री की



अविराम साधना का ही प्रतिफल है कि पिछले 10 वर्षों में राष्ट्र का 'नव उत्थान' हुआ है। गरीब, महिला, युवाओं के साथ ही देश के वंचित वर्ग का जीवन आसान हुआ है।'

मुख्यमंत्री योगी ने आगे लिखा, 'विरासत, विकास व विश्वास को संजोए यह अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि देश और एनडीए परिवार को गौरवभूषित तथा हर्षित करने वाली है। 140 करोड़ भारतवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए साधनारत प्रधानमंत्री जी का यह कार्यकाल नि:संदेह 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करते हुए भारत को विश्व में महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला सिद्ध होगा। भारत माता की जय।'

# प्राधिकरण ने वाजिदपुर में लगाई तीन हाईमास्ट लाइटें

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के द्वारा गांव नंगली वाजिदपुर के पार्क ओर गाँव नंगली नंगला, गांव नंगली शाखपुर के बारात घरों में 16-16 मीटर ऊंची तीन अलग अलग हाईमास्ट लाईट के पोल खड़े करके लाईट लगा दी गयी है। लाईट जलने से बारात घरो ओर पार्क दूधिया रोशनी से नहाये हुए दिख रहे है।



गाँव नंगली वाजिदपुर निवासी अशोक चौहान ने मुख्यमंत्री पोर्टल/जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत संख्या 40014123023855 एवं 40014123023853 दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि गाँव नंगली वाजिदपुर के मनोरंजन केंद्र के पास एक मात्र पार्क में रात्रि में अँधेरा रहता है जिससे पार्क में शाम/रात्रि के समय में गाँव और सैक्टर निवासी पार्क में नहीं घूम पाते हैं। जिसका संज्ञान लेकर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने यहाँ लाइट लगाने का निर्णय लिया।

अब लाईट लगने से गाँव नंगली वाजिदपुर और सैक्टर-130 के निवासियों को रात्रि/शाम को पार्क में घूमने में अँधेरे की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा और गांव नंगली नंगला एवं नंगली शाखपुर के निवासियों को भी अब बारात घरों में अंधेरे समस्या खत्म हो गई है।

# सरेराह युवती से छेड़छाड़, मामला दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।**

नोएडा में एक कंपनी की महिला एचआर हेड के साथ बीच सड़क पर सरेराह छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि छेड़छाड़ का विरोध करने पर उनके साथ बदसलूकी की गई। महिला की शिकायत पर थाना सेक्टर-126 पुलिस ने 2 युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि वह सेक्टर-126 थाना क्षेत्र स्थित एक कंपनी में एचआर हेड के पद पर कार्यरत है। पिछले दिनों कंपनी में कार्यरत आयरन त्यागी व मोनित गोस्वामी को नौकरी से निकाल दिया गया था। उसी दिन रात करीब साढ़े 8 बजे जब युवती कंपनी से ग्रेटर नोएडा स्थित अपने घर जा रही थी, तो कोटक महिंद्रा बैंक तिराहा पर आयरन व मोनित ने उसके साथ बदसलूकी व छेड़छाड़ की। आसपास मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

इस संबंध में पुलिस का कहना है कि 2 युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# दाखिले के नाम पर ठगने वाले दो सरगना समेत 6 गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने भारत और अमेरिका के नामी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिला दिलाने के नाम पर छात्रों को ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सरगना समेत छल आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में दो युवतियां भी शामिल हैं।

डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि ये लोग छात्रों और उनके स्वजन से व्यापक स्तर पर ठगी करते थे। आरोपितों ने कोतवाली सेक्टर-58 क्षेत्र स्थित एक टावर में अपना कार्यालय बनाया था।

सोशल मीडिया पर विज्ञापन देने के बाद गिरोह के शातिर छात्रों को अपने जाल में फंसाते थे। नामी कॉलेज और विश्वविद्यालय में दाखिला दिलाने के नाम पर पीड़ितों से 6 से 10 लाख रुपए तक ठग लेते थे।

गिरोह का पुणे का एक सरगना अभी भी फरार है। 50 से अधिक छात्रों के साथ ठगी की जानकारी पुलिस को दी है। आरोपितों की पहचान बिहार पटना के राहुल कुमार, अनुपम कुमार, महाराष्ट्र नागपुर के दयानंद पांडे उर्फ मोहित, आगरा मनसुखपुरा के सचिन सिंह, गोरखपुर सूरजपुर कॉलोनी की विदुषी लोहिया और झारखंड जमशेदपुर की निकिता उपाध्याय के रूप में हुई है।

# मोदी के पीएम बनने पर रजत बिहार में मनाया जश्न

**नोएडा (चेतना मंच)।** नरेन्द्र मोदी के तीसरे बार



प्रधानमंत्री बनने पर सेक्टर-62 रजत विहार में निवासियों ने ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। इस अवसर पर रजत विहार सी ब्लॉक के निवासियों ने आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर मोदीजी को विजय जुलूस निकला।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमित नागपाल, महासचिव गोपाल शर्मा एवं पूरी आरडब्ल्यूए टीम सभी निवासियों के साथ मिलकर मिठाई बांटी एवं ढोल नगाड़े के साथ विजय जूलूस निकाल।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर युवक से 14.37 लाख रुपये ठगे

**नोएडा (चेतना मंच)।** साइबर अपराधियों ने घर बैठे ऑनलाइन नौकरी करके लाखों कमाने का झांसा देकर सेक्टर 79 के रहने वाले एक युवक के साथ 14 लाख 37 हजार रुपये की ठगी कर ली है।

साइबर क्राइम थाने के प्रभारी निरीक्षक उमेश नैथानी ने बताया कि सुमित कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके पास कुछ समय पहले व्हाट्सएप पर मैसेज आया, जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग करके लाखों रुपये कमाने की बात कही गई थी। उन्होंने जब उक्त व्हाट्सएप नंबर पर बात की तो उनको टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। इसके बाद उनको कुछ टास्क दिए गए, जिसको उन्होंने पूरा कर दिया। इस दौरान उनको कुछ फायदा हुआ। इसके बाद आरोपियों ने अगले टास्क में ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए कहा।

सुमित ने बताया कि जालसाजों के झांसे में आकर उन्होंने कई नामी कंपनियों के शेयर में निवेश किया। शेयर बाजार को लेकर उनको जालसाज ऑनलाइन लेक्चर भी देते थे। वे कंपनी के बारे में और शेयर बाजार से जुड़ी सारी जानकारी देते थे। उन्होंने जिन कंपनियों में निवेश किया था, जालसाजों ने उनके दस्तावेज भी उपलब्ध कराए। पीड़ित ने बताया कि संबंधित कंपनियों को लेकर मीडिया में भी काफी अच्छी रिपोर्ट थी। इसकी वजह से वह लगातार जालसाजों के बताए अनुसार रुपये का निवेश करते गए। इस दौरान उन्होंने ने कुल 14 लाख 37 हजार रुपये का निवेश कर दिया।

आरोपियों द्वारा दिए गए ऐप में लगातार उनके निवेश किए गए रुपये बढ़ते दिख रहे थे। वह जब अपने मुनाफे की रकम को वापस लेने लगे तो जालसाजों ने उनके ट्रेडिंग अकाउंट को बंद कर दिया। उन्होंने वापस से अकाउंट को खोलने के लिए कहा तो जालसाजों ने उनसे और रुपये निवेश करने के लिए कहा। जब उन्होंने जालसाजों से अपने निवेश किए रुपये वापस मांगे तो उनको टेलीग्राम ग्रुप से बाहर कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मां से बिछड़ी बच्ची को पुलिस ने किया बरामद

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के वाजिदपुर गांव की मार्केट में शनिवार शाम को एक



तीन साल की बच्ची अपनी मां से बिछड़ गई। लोगों ने जब उसे रोते हुए देखा तो इसकी सूचना एक्सप्रेसवे थाने की पुलिस को दी।

पुलिसकर्मियों ने जब बच्ची से उसका नाम और पता पूछा तो वह नहीं बता सकी। मार्केट में मौजूद एंटी रोमियों टीम व थाना पुलिस द्वारा बच्ची के माता पिता को आसपास तलाश किया जाने लगा। काफी प्रयास के बाद एंटी रोमियो टीम व थाना पुलिस द्वारा बच्ची के माता पिता को तलाश कर लिया गया तथा बच्ची को उनके सुपुर्द किया गया। थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी श्रीमती सरिता मलिक ने बताया कि बच्ची को पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार प्रकट किया। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने पुलिस के इस पहल की प्रशंसा की है।

# 1.53 प्रतिशत रजिस्ट्री में खुली पोल, 18.06 करोड़ की स्टांप चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर में संपत्ति की रजिस्ट्री में बड़े स्तर पर स्टांप की चोरी हो रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में महज 1.53 फीसदी रजिस्ट्री पपत्रों की जांच में 18.06 करोड़ की स्टांप चोरी की खुलासा हुआ है। जिसे देखते हुए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन लगातार रजिस्ट्री में स्टांप चोरी की जांच करने का दावा कर रहा है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि अगर जिले में होने वाली सभी रजिस्ट्री की जांच की जाए तो स्टांप चोरी का आंकड़ा 1000 करोड़ पहुंचने की आशंका है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में गौतमबुद्ध नगर में 1,50,192 रजिस्ट्री हुई थीं। इससे प्रशासन को 3575.86 करोड़ रुपये का राजस्व मिला।

स्टांप चोरी का पता लगाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को हर माह कुछ रजिस्ट्री की जांच करनी होती है। इनमें डीएम से लेकर एडीएम एफआर, एआईजी स्टाम्प, सब-रजिस्ट्रार शामिल होते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में डीएम, एआईजी प्रथम व द्वितीय समेत अन्य ने 2323 रजिस्ट्री की जांच की थी। जो कुल रिजस्ट्री का महज 1.53 फीसदी है। इनमें 431 में 18.06 करोड़ की स्टांप चोरी का खुलासा हुआ।

प्रॉपर्टी डीलर व उद्यमी करते हैं हेराफेरी – अब तक की जांच में पता चला कि स्टांप चोरी में सबसे अधिक हेराफरी प्रॉपर्टी डीलर कर रहे हैं। संपत्ति की कीमत या फिर कम निर्माण दिखाकर स्टांप लगा रहे हैं। इनके अलावा उद्यमी और कॉलोनाइजर भी रजिस्ट्री के समय कम कीमत के स्टांप लगाते हैं। उद्योगों में बिल्डिंग का कम क्षेत्र में निर्माण दिखाया जाता है।

जांच में कमी मिलने पर दर्ज होता है मुकदमा

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि स्टांप चोरी मिलने के बाद हर केस में मुकदमा दर्ज किया जाता है। डीएम कोर्ट में मामला दर्ज करने के बाद एडीएम कोर्ट और एआईजी प्रथम या द्वितीय के पास भेजा जा रहा है। वाद पर सुनवाई होने के बाद कोर्ट जुर्माने के साथ स्टांप वसूल जमा करने का आदेश दिया जाता है। इसके बाद भी स्टांप शुल्क जमा नहीं करने पर रिकवरी सर्टिफिकेट जारी किया जाता है।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार ने बताया कि हर माह अधिकारी रजिस्ट्री के प्रपत्रों की जांच करते हैं। शिकायत मिलने पर जांच की जाती है। स्टांप की कमी मिलने पर वाद दायर कर जुर्माने के साथ स्टांप वसूलने की कार्रवाई की जाती है। सभी सब-रजिस्ट्रार को भी सतर्कता बरतने निर्देश दिए गए हैं।

# 9 दिवसीय आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का समापन, 175 बच्चों को किया प्रशिक्षित

**नोएडा (चेतना मंच)।**

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-44 स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आयोजित 9 दिवसीय आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का रविवार को भव्य समापन हो गया। शिविर में 175 बच्चों ने वैदिक संस्कृति की जानकारी, लाठी, डंबल, लेजियम दंड बैठक, योगासन, आत्मरक्षा आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य महेंद्र भाई ने यज्ञ करवा कर बच्चों को यज्ञोपवीत धारण कराकर माता-पिता की सेवा का संकल्प करवाया।

समापन समारोह में एमिटी शिक्षण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डा. अशोक कुमार चौहान ने कहा कि यहां प्रशिक्षित आर्य युवक, राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे और विश्वपटल पर भारत का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि अनिल आर्य के नेतृत्व में आर्य युवक परिषद निरंतर युवाओं का चरित्र निर्माण



कार्य करने में संलग्न है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि ऐसे सुसंस्कारित युवकों के कारण भारत विश्व में आर्थिक महाशक्ति बनेगा।

शिविर संचालक केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि परिषद राष्ट्रभक्त युवाओं के निर्माण का कार्य और तीव्र गति से चलाएगी। हमारी शिक्षा पद्धति में संस्कारों एवं नैतिक शिक्षा का अभाव दिखता है। जिसे आर्य समाज पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि युवकों के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती एक आदर्श व्यक्तित्व है जिनका पूरा जीवन प्रेरणा और प्रकाश स्तंभ के समान है। उनके जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए।

शिक्षाविद् आनंद चौहान ने कहा कि हम इस आर्य युवा अभियान में एमिटी शिक्षण संस्थान की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने बच्चों के कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।

इस दौरान एमिटी इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन डा. अमिता चौहान, जस्टिस वीके मिश्रा, प्रकाश अस्पताल के सीएमडी डा. वीएस चौहान, फेलिक्स अस्पताल के सीएमडी डा. डीके गर्ग, गायत्री मीना, सोनियां संजू, दशरथ भारद्वाज, रामकुमार आर्य, अरुण आर्य, यज्ञवीर चौहान, आनंद प्रकाश आर्य, अनुपम आर्य, देवेंद्र भगत, धर्मपाल आर्य, डा प्रमोद सक्सैना, योगेंद्र शास्त्री, सौरभ गुप्ता, विकास कुमार, प्रदीप आर्य, विवेक अग्निहोत्री, गौरव झा सहित अन्य उपस्थित रहे।

